वर्ष : 34 | अंक : 371 | मुंबई, शुक्रवार, 20 मार्च 2026 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित

DBD

दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

- नेताओं का भविष्य बताने वाला ज्योतिषी अशोक खरात रेप मामले में गिरफ्तार
- महिलाओं को डराने के लिए तंत्र-मंत्र और सम्मोहन का करता था इस्तेमाल
- पुलिस को मिले 58 आपत्तिजनक वीडियो
- वीडियो में कुछ चर्चित महिलाओं और सेलिब्रिटीज के होने की आशंका





# महाराष्ट्र का एपस्टीन कांड!

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र से एक ऐसा सनसनीखेज मामला सामने आया है जिसने समाज, धर्म और सत्ता तीनों को झकझोर कर रख दिया है। नासिक पुलिस ने स्वयंभू ज्योतिषी और तांत्रिक अशोक खरात उर्फ कैप्टन को दुष्कर्म के गंभीर आरोप में गिरफ्तार किया है। कथित सेक्स स्कैंडल को लेकर महाराष्ट्र की राजनीति में तूफान आ चुका है, जहां आरोपी के कई बड़े नेताओं से कथित संबंधों की चर्चा जोरों पर है। दावों के मुताबिक, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल और महाराष्ट्र महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली चाकणकर का नाम भी उससे जोड़ा जा रहा है। अशोक खरात पर कई महिलाओं के साथ शोषण और दुष्कर्म के गंभीर आरोप लगे हैं। मामला सामने आते ही विपक्ष सरकार पर हमलावर हो गया है।



### शिकायत जिसने खोल दी पोल

बताया जा रहा है कि यह सिलसिला लंबे समय से चल रहा था, लेकिन साधु के वेश में छिपे इस चेहरे का पर्दाफाश तब हुआ, जब एक 35 साल की महिला ने हिम्मत जुटाकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता का आरोप है कि खरात ने खुद को दैवीय शक्तियों का मालिक बताकर उसका भरोसा जीता और फिर अपने कार्यालय में बुलाकर नशीला पदार्थ देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। यह कथित घटनाक्रम 2022 से 2025 के बीच चलता रहा।

### 58 महिलाओं के संदिग्ध वीडियो मिले

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह मामला सिर्फ एक पीड़िता तक सीमित नहीं है। इस बाबा के फार्म हाउस से 58 महिलाओं के संदिग्ध वीडियो मिले हैं। जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी ने अपने ऑफिस और फार्म हाउस में गुप्त कैमरे लगा रखे थे। पुलिस को छानबीन में एक पेन ड्राइव भी मिली है, इसमें 58 अलग-अलग महिलाओं के आपत्तिजनक वीडियो क्लिप्स होने की बात सामने आई है। पुलिस के मुताबिक, वह महिलाओं को डराने के लिए तंत्र-मंत्र और परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी देता था। इन वीडियो में कुछ चर्चित महिलाओं और सेलिब्रिटीज के होने की आशंका जताई जा रही है, जिसकी गंभीरता से जांच की जा रही है।

### आईपीएस अधिकारी तेजस्विनी सतपुते की अगुवाई में एसआईटी

राज्य सरकार ने इस मामले की जांच के लिए आईपीएस अधिकारी तेजस्विनी सतपुते की अगुवाई में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। तेजस्वी सातपुते 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। वह सातारा और सोलापुर जिले में पुलिस अधीक्षक के रूप में काम कर चुकी हैं। उन्हें अपराध-विरोधी अभियानों और 'ऑपरेशन परिवर्तन' जैसे सामाजिक कार्यों के लिए जाना जाता है।

### राजनीतिक संबंध नासिक से दिल्ली तक

अशोक खरात मर्चेंट नेवी का रिटायर्ड अफसर है। दावा है कि 22 साल की नौकरी में उसने 154 देशों की यात्रा की। ऐसी चर्चा है कि उसके राजनीतिक संबंध दिल्ली से लेकर महाराष्ट्र की सत्ता के गलियारों तक फैले हुए हैं। मीरगांव में उसका 'ईशान्येश्वर मंदिर' और एक आलीशान आश्रम है, जहां अक्सर जाने-माने और प्रभावशाली लोग दर्शन करने आते थे। नासिक के सिन्नर में स्थित श्री ईशान्येश्वर मंदिर ट्रस्ट के चेयरमैन के तौर पर, खरात को जाने-माने राजनेताओं, मशहूर हस्तियों और बड़े कारोबारियों के आध्यात्मिक गुरु के रूप में व्यापक पहचान मिली थी। नवंबर 2022 में पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के मिरगांव में मंदिर जाने के बाद वो चर्चा में आए थे।

### रूपाली चाकणकर और 'ट्रस्ट' का कनेक्शन

इसी मुद्दे को लेकर विपक्ष ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस ने जहां रूपाली चाकणकर के इस्तीफे की मांग की है, वहीं उद्धव ठाकरे गुट ने इसे महाराष्ट्र की "एपस्टीन फाइल" बताते हुए सरकार पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। विपक्ष के निशाने पर रूपाली चाकणकर इसलिए हैं क्योंकि वह खरात के 'शिवनिका संस्थान ट्रस्ट' में सदस्य हैं। सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें वायरल हो रही हैं जिनमें वे खरात के लिए छाता पकड़े और उसकी पूजा करती दिख रही हैं।

### दो हफ्ते पहले ही मुख्यमंत्री फडणवीस ने दिए थे सख्त कार्रवाई के निर्देश

सूत्रों के मुताबिक राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने खरात पर सख्त कार्रवाई करने के लिए दो हफ्ते पहले ही संज्ञान ले लिया था। फडणवीस ने राज्य के डीजीपी सदानंद दाते को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दाते को आवश्यक कदम उठाने को कहा था। इसके बाद ही पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई शुरू की। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने कार्रवाई से पहले ही इस मामले से जुड़े अहम वीडियो क्लिप्स और अन्य गंभीर सबूत अपने कब्जे में ले लिए थे। इसके बाद अशोक खरात के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का फैसला लिया गया। गृह विभाग के एक अधिकारी के अनुसार खरात को गिरफ्तार करने की जिम्मेदारी नाशिक क्राइम ब्रांच को दी गई थी। पहले उसके खिलाफ एक महिला ने दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया उसके बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने खरात के घर पर छापा मारा। गिरफ्तारी से बचने के लिए उसके फरार होने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने एक खास रणनीति बनाई।

## ब्रीफ न्यूज़

### एनसीपी नहीं लड़ेगी तो कांग्रेस उतारेगी उम्मीदवार

**मुंबई।** बारामती और राहुरी विधानसभा उपचुनाव को लेकर महाराष्ट्र की राजनीति गरमा गई है। महाविकास आघाडी (MVA) के भीतर सीटों को लेकर मतभेद खुलकर सामने आने लगे हैं, खासकर बारामती सीट को लेकर कांग्रेस और शरद पवार गुट के बीच तनातनी दिख रही है। एनसीपी (शरद पवार गुट) की सांसद सुप्रिया सुले द्वारा बारामती सीट पर उम्मीदवार न उतारने के ऐलान पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई है। कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने सवाल उठाया कि बिना गठबंधन सहयोगियों से चर्चा किए ऐसा निर्णय कैसे लिया जा सकता है। विजय वडेट्टीवार ने स्पष्ट कहा कि यदि शरद पवार की पार्टी बारामती से चुनाव नहीं लड़ती है, तो कांग्रेस अपने उम्मीदवार पर विचार करेगी। उन्होंने इसे महाविकास आघाडी के सिद्धांतों के खिलाफ बताते हुए कहा कि गठबंधन में एकतरफा फैसले स्वीकार्य नहीं हैं।

### 68 लाख के इनामी 11 हार्डकोर नक्सलियों ने किया सरेंडर

**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। क्षेत्र में सक्रिय 11 खूंखार नक्सलियों ने सीआरपीएफ (CRPF) के आला अधिकारियों के सामने अपने हथियार डाल कर आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पण करने वाले इन नक्सलियों पर सामूहिक रूप से 68 लाख रुपये का भारी-भरकम इनाम घोषित था। सरेंडर करने वाले इन 11 नक्सलियों में संगठन के कई बड़े चेहरे शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, इनमें 5 टॉप लेवल के नक्सली हैं, जिनमें DVCM खूंखार कमांडर और एरिया कमेटी मेंबर जैसे पदों पर तैनात नक्सली शामिल हैं।

### आश्रम से चल रहा था नकली नोट का रैकेट, हुआ पर्दाफाश

**सूरत।** अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने नकली नोटों के एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया है। नकली नोट छापने का काम सूरत के एक आश्रम में हो रहा था। पुलिस ने यहां छापेमारी कर नोट छापनें की की मशीनों के साथ 2.38 करोड़ रुपए के नकली नोट जब्त किए। इस रैकेट का मुख्य आरोपी और तथाकथित योग गुरु प्रदीप जोटांगिया समेत 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अब तक की जांच में पता चला है कि नकली नोट छापने के लिए इस्तेमाल होने वाला खास कागज चीन से मंगाया जाता था। इसका पेमेंट क्रिप्टो करंसी के जरिए किया गया था।

# केरल में बर्ड फ्लू का दस्तक

- अलपुझा और कोझीकोड में 20,000 से ज्यादा पक्षियों को मारने का आदेश

एजेंसी | अलपुझा

केरल के अलपुझा और कोझीकोड जिलों में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद प्रशासन ने कड़े कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए 21 मार्च 2026 की सुबह से बड़े पैमाने पर पक्षियों को मारने का अभियान चलाया जाएगा। अलपुझा के मुहम्मा ग्राम पंचायत (वॉर्ड 7) और कोझीकोड की विभिन्न पंचायतों में बर्ड फ्लू के मामले मिलने के बाद प्रशासन ने सख्त फैसला लिया है। अलपुझा में 5,961 और कोझीकोड में 14,228 घरेलू पक्षियों (मुर्गियों, बत्तखों आदि) को मारा जाएगा, ताकि वायरस इंसानों या अन्य क्षेत्रों तक न पहुँचे।



### 21 मार्च से 'एक्शन' में टीमें

जिलाधिकारी इनबासेकर कलिमुथु की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद तय किया गया है कि संक्रमण के केंद्र से 1 किलोमीटर के दायरे में आने वाले सभी पक्षियों को खत्म किया जाएगा। इसके लिए पशुपालन विभाग ने विशेष 'त्वरित प्रतिक्रिया दल' तैनात किए हैं जो शनिवार सुबह से काम शुरू कर देंगे।

### पोल्ट्री उत्पादों पर पाबंदी, पर 'पका हुआ' सुरक्षित

एहतियात के तौर पर प्रभावित इलाकों में मांस और अंडों की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। हालांकि, विशेषज्ञों ने साफ किया है कि 70 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक तापमान पर ठीक से पकाया गया चिकन या अंडा खाने के लिए सुरक्षित है, क्योंकि इतने तापमान पर वायरस मर जाता है।

## भविष्य में दरार और गड्ढा मुक्त होंगी सड़कें



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ऐसी तकनीक पर काम रही है, जो भविष्य में बनने वाली सड़कों पर दरारें और गड्ढे नहीं होने देगी। सेल्फ हीलिंग (स्व-उपचार) नामक यह तकनीक सड़क पर दरारें पड़ने से पहले उसे भर देगी, जिससे गड्ढे नहीं बनेंगे। भारत में हर साल गड्ढों के कारण औसतन 5,000 सड़क हादसों में लगभग 2,000 लोगों की जान जाती है। वहीं, इस तकनीक के अपनाने से सरकार को हर वर्ष छह से आठ हजार करोड़ रुपये की बचत होगी। सरकार इस रकम को गड्ढों को ठीक करने पर खर्च कर देती है।सड़क परिवहन मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भारत जैसे विशाल सड़क नेटवर्क वाले देश के लिए सेल्फ-हीलिंग तकनीक केवल एक लग्जरी नहीं, बल्कि एक आवश्यकता है।

बाबा सिद्दीकी हत्याकांड

# आरोपी की जमानत पर हस्तक्षेप से इनकार

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एनसीपी नेता और पूर्व विधायक बाबा सिद्दीकी की हत्या के आरोपी आकाशदीप करज सिंह को मिली जमानत में हस्तक्षेप करने से गुरुवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने इस मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट के 9 फरवरी के आदेश को बरकरार रखते हुए याचिका खारिज कर दी।



### पत्नी की याचिका को नहीं मिली राहत

दिवंगत नेता की पत्नी शहजीन जियाउद्दीन सिद्दीकी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर आरोपी की जमानत रद्द करने की मांग की थी। हालांकि, शीर्ष अदालत ने कहा कि हाईकोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप की कोई आवश्यकता नहीं है।

### बिश्नोई गैंग से संबंध का लगाया गया आरोप

याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ वकील नित्या रामकृष्णन ने दलील दी कि आरोपी आकाशदीप करज सिंह के संबंध लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से हैं, जो अभियोजन के अनुसार इस हत्या से जुड़ा हुआ है। इस आधार पर जमानत रद्द करने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट पहले ही मामले में उपलब्ध साक्ष्यों की जांच कर चुका है और आरोपी की संलिप्तता साबित करने के लिए उन्हें अपर्याप्त पाया गया है। ऐसे में जमानत आदेश में दखल देने का कोई ठोस आधार नहीं बनता।

# महिला किसानों के लिए कानूनी कवच

- महाराष्ट्र सरकार ने विधेयक बनाने के लिए गठित की समिति
- 7 अप्रैल 2026 तक सौंपनी होगी रिपोर्ट, 9 सदस्यीय टीम में दिग्गज अधिकारी शामिल

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने अंतरराष्ट्रीय महिला किसान वर्ष 2026 के अवसर पर एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए महिला किसानों के सशक्तिकरण के लिए एक विशेष विधेयक लाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए राज्य के कृषि विभाग ने एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है, जो महिला किसानों के अधिकारों और सर्वांगीण विकास के लिए कानूनी मसौदा तैयार करेगी। राज्य सरकार द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार, इस 9 सदस्यीय समिति का नेतृत्व 'नानाजी देशमुख कृषि संजीवनी परियोजना' के निदेशक परिमल सिंह करेंगे। समिति में कृषि आयुक्त सूरज मांढरे और पुणे की 'यशदा' संस्था के शेखर गायकवाड़ जैसे अनुभवी अधिकारियों को शामिल किया गया है, ताकि कानून का मसौदा व्यावहारिक और प्रभावी बने।

### विशेषज्ञों की ली जाएगी सलाह



समिति को यह अधिकार दिया गया है कि वे मसौदा तैयार करते समय कृषि विशेषज्ञों, कानूनी जानकारों, सामाजिक संगठनों और अन्य हितधारकों (Partners) से विस्तार से चर्चा करें। समिति में 'विधि सेंटर फॉर लीगल पॉलिसी' और 'एमएस स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन' के प्रतिनिधियों को भी रखा गया है ताकि तकनीकी बारीकियों का ध्यान रखा जा सके। सरकार ने इस कार्य को गति देने के लिए एक सख्त समय सीमा तय की है। समिति को अपना पूरा मसौदा 7 अप्रैल 2026 तक सरकार को सौंपना होगा।

## आधार अपडेट में देरी पर सीआईसी सख्त, समय-सीमा तय करने के निर्देश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना आयोग ने आधार विवरण अपडेट करने में हो रही देरी पर चिंता जताते हुए यूआईडीएआई (UIDAI) को स्पष्ट समयसीमा तय करने और शिकायत निवारण प्रणाली को मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। यह टिप्पणी उस अपील की सुनवाई के दौरान आई, जिसमें एक महिला ने अपने आधार कार्ड में जन्मतिथि सुधार की मांग की थी और आरोप लगाया था कि उसकी अर्जी समय पर प्रोसेस नहीं की गई। महिला ने बताया कि सभी जरूरी दस्तावेज जमा करने के बावजूद उसका आवेदन लंबे समय तक लंबित रहा। मजबूर होकर उसे दिल्ली हाई कोर्ट में रिट याचिका दायर करनी पड़ी थी। आयोग ने कहा कि जन्मतिथि, जेंडर, नाम की स्पेलिंग जैसी त्रुटियों को सुधारने से जुड़े मामले अक्सर लंबित रहते हैं। ये मामले सेवा वितरण और शिकायत निवारण से जुड़े हैं, जिन्हें प्रशासनिक स्तर पर ही सुलझाया जाना चाहिए।

# मुंबई एयरपोर्ट पर ड्रग्स के खिलाफ मेगा स्ट्राइक

- 1,330 किलो हाइड्रोपोनिक वीड जब्त
- 286 तस्कर सलाखों के पीछे



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (CSMIA) पर कस्टम्स विभाग ने ड्रग्स सिंडिकेट के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी स्ट्राइक की है। मुंबई कस्टम्स जोन-III ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान नशीले पदार्थों, सोने और विदेशी मुद्रा की तस्करी पर लगाम लगाते हुए रिकॉर्डतोड़ कार्रवाई की है। मुंबई कस्टम्स के एयरपोर्ट कमिश्नरेट ने इस साल (FY26) कुल 244 मामले दर्ज किए हैं। इन कार्रवाइयों में 1,330 किलोग्राम से अधिक आधुनिक गांजा यानी 'हाइड्रोपोनिक वीड' पकड़ी गई है। विभाग ने अब तक 286 तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिनमें कई अंतरराष्ट्रीय 'कूरियर' और विदेशी नागरिक भी शामिल हैं।

### थाईलैंड बना तस्करी का नया रूट

जांच में यह चौंकाने वाली बात सामने आई है कि तस्करी की अधिकांश खेप थाईलैंड (विशेषकर बैंकॉक) से आ रही थी। तस्करों ने ड्रग्स को छिपाने के लिए शातिर तरीके अपनाए थे—जैसे वैक्यूम-सील्ड पैकेट, ट्रॉली बैग के गुप्त हिस्से, चॉकलेट के डिब्बे और खाने-पीने की वस्तुओं के बीच नशीले पदार्थों को छिपाना।

### क्या है ये 'हाइड्रोपोनिक वीड'?

यह साधारण गांजे का बेहद शक्तिशाली और महंगा रूप है। इसे मिट्टी के बजाय पोषक तत्वों वाले पानी में वैज्ञानिक तरीके से उगाया जाता है। इसमें THC (नशीला तत्व) की मात्रा बहुत अधिक होती है, जिसके कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करोड़ों रुपये होती है। मुंबई के रईस तबकों और पार्टियों में इसकी मांग अधिक होने के कारण तस्कर इसे निशाना बना रहे हैं। कस्टम्स विभाग अब तस्करों को पकड़ने के लिए APIS प्रोफाइलिंग का इस्तेमाल कर रहा है।

साइबर अपराध | अलग केंद्रीय पुलिस बल बनाने का प्रस्ताव

# साइबर अपराधियों की अब खैर नहीं

नई दिल्ली। भारत में बढ़ते डिजिटल खतरों और साइबर ठगी के संगठित जाल को देखते हुए संसद की एक समिति ने NIA और CBI की तर्ज पर एक विशेष केंद्रीय साइबर पुलिस बल बनाने की जोरदार सिफारिश की है। साइबर अपराध अब केवल ठगी तक सीमित नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक बड़ा सिरदर्द बन चुका है।आजकल के साइबर अपराधी किसी एक राज्य या देश तक सीमित नहीं हैं। वे एक प्रोफेशनल कंपनी की तरह काम करते हैं और अलग-अलग राज्यों या विदेशों (जैसे कंबोडिया, वियतनाम) से गिरोह संचालित करते हैं। राज्य पुलिस के पास अक्सर अंतरराष्ट्रीय तालमेल की कमी होती है, इसलिए NIA जैसी एक ताकतवर केंद्रीय एजेंसी की मांग की गई है जो सीमा पार के अपराधों की तुरंत जांच कर सके।




### डराने वाले आंकड़े और ठगी का नया ट्रेंड

भारत दुनिया में साइबर हमलों का दूसरा सबसे बड़ा शिकार है। वर्ष 2024 में भारतीयों की गाढ़ी कमाई के करीब 22,000 करोड़ लुट गए और 2025 में इन अपराधों में 24% की बढ़त देखी गई है। अब ठग 'डिजिटल अरेस्ट', 'इन्वेस्टमेंट स्कैम' और 'फिशिंग' जैसे नए तरीकों से लोगों को डराकर या लालच देकर शिकार बना रहे हैं।

न्यूज़ ब्रीफ

### मशहूर मिठाई दुकान पर छापा, एक्सपायर्ड सामग्री से बन रही थी मिठाइयां

**वसई:** विरार के एक नामी मिठाई दुकान में ग्राहकों की सेहत से खिलवाड़ का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। शिकायत मिलने के बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन (FDA) ने कार्रवाई करते हुए दुकान और गोदाम पर छापा मारा। जांच में सामने आया कि मिठाइयां बनाने के लिए एक्सपायर्ड कच्चे माल का इस्तेमाल किया जा रहा था। विरार पश्चिम के अग्रवाल लाइफस्टाइल परिसर स्थित 'सागर स्वीट्स' के दुकान और गोदाम में बड़ी मात्रा में बेसन, आटा, खमण और अन्य सामग्री की समय-सीमा समाप्त हो चुकी थी। इसके बावजूद इन्हीं सामग्री से मिठाइयां तैयार कर ग्राहकों को बेचा जा रहा था। इस संबंध में FDA को शिकायत मिली थी, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। बुधवार को हुई इस कार्रवाई में अधिकारियों ने एक्सपायर्ड कच्चा माल और उससे तैयार मिठाइयों को जब्त कर लिया। जब्त किया गया यह पूरा स्टॉक वसई ले जाकर नष्ट कर दिया गया। साथ ही, नमूनों को प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया है। यह कार्रवाई पालघर FDA के अधिकारियों वी. चव्हाण, उमेश कावले और शिरसाट की टीम ने की।

### बंद घरों में चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**डहाणू:** कासा पुलिस थाना क्षेत्र में एक ही दिन में दो बंद घरों में चोरी कर लाखों का माल उड़ाने वाली गिरोह को पुलिस ने गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पाटीलपाड़ा और गायकवाड़पाड़ा में हुई इन घटनाओं से इलाके में दहशत फैल गई थी, जिसे पुलिस ने महज 24 घंटे में सुलझा लिया। पहली घटना पाटीलपाड़ा में अमोल भोये के घर हुई, जहां से चोरों ने करीब 2.72 लाख रुपये के जेवरात चुरा लिए। वहीं दूसरी वारदात गायकवाड़पाड़ा में अपर्णा गुप्ता के बंद घर में हुई, जहां से 3.02 लाख रुपये से अधिक का सामान चोरी हुआ। दोनों मामलों में भारतीय न्याय संहिता के तहत केस दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए कासा पुलिस के अधिकारी अमर पाटील और उनकी टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच तेज की। जांच में पता चला कि आरोपी गुजरात के रास्ते मध्यप्रदेश भागने की कोशिश कर रहे हैं, जिसके बाद पुलिस टीम तुरंत सुरत पहुंची। सुरत के पास सारोली पुलिस ने संदेह के आधार पर राजेश मालवी, दिलखुश बंजारा और अंकित गोदावज को हिरासत में लिया था। कासा पुलिस ने वहां पहुंचकर पूछताछ की, जिसमें आरोपियों ने चोरी की वारदात कबूल कर ली। उनके पास से 5.74 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और अन्य सामान बरामद किया गया है।

# 'रेडियो टेलीस्कोप' के चक्कर में अटका पुणे-नाशिक हाई-स्पीड रेल

**परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक का विधानसभा में खुलासा**

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र के दो बड़े औद्योगिक शहरों को जोड़ने वाले पुणे-नाशिक हाई-स्पीड रेल प्रोजेक्ट को लेकर अहम खुलासे हुए हैं। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने स्वीकार किया है कि जमीन सर्वेक्षण पूरा होने के दो साल बाद भी तकनीकी पेचों के कारण यह महत्वकांक्षी परियोजना धरातल पर नहीं उतर पाई है। पुणे-नाशिक हाई-स्पीड रेल परियोजना की कुल लागत लगभग 16,000 करोड़ रुपये आंकी गई है। महाराष्ट्र सरकार ने अपने हिस्से के 3,208 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दे दी है, जिसमें से 1,000 करोड़ रुपये जारी भी किए जा चुके हैं। अब तक लगभग 99.18 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण हो चुका है और किसानों को 316 करोड़ रुपये का मुआवजा भी दिया गया है, लेकिन मुख्य काम अभी तक शुरू नहीं हुआ है।



### टेलीस्कोप बना सबसे बड़ा रोड़ा

प्रोजेक्ट की देरी का सबसे बड़ा तकनीकी कारण नारायणगांव स्थित जायंट मीटरवेव रेडियो टेलीस्कोप (GMRT) ऑब्जर्वेटरी है। वैज्ञानिक संस्था का मानना है कि हाई-स्पीड ट्रेन से निकलने वाली तरंगें टेलीस्कोप के सिग्नल्स में बाधा डाल सकती हैं। इस वजह से रेलवे ने रूट बदलने का विचार किया है, जो अब विवाद की जड़ बन गया है।

### पुराने रूट पर अड़ी जनता

स्थानीय नागरिक और किसान रूट बदलने के फैसले का कड़ा विरोध कर रहे हैं। लोगों की मांग है कि ट्रेन पुराने तय मार्ग यानी सिन्नर, संगमनेर, नारायणगांव, मंचर, राजगुरुनगर और चाकण से ही होकर गुजरनी चाहिए। रूट बदलने से इन औद्योगिक और कृषि क्षेत्रों को होने वाला फायदा खत्म हो सकता है, जिससे राजनीतिक तनाव भी बढ़ रहा है।

### शिवकालीन शस्त्रों का 'म्यूजियम ऑन व्हील्स'

सांस्कृतिक क्षेत्र से एक अच्छी खबर यह है कि छत्रपति शिवाजी महाराज के काल के शस्त्रों को दिखाने के लिए बनने वाले 'चलता-फिरता संग्रहालय' के लिए सरकार ने शेष 1.79 करोड़ रुपये की निधि मंजूर कर दी है। इस बस आधारित म्यूजियम के लिए कुल 9 .95 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है, जिससे नई पीढ़ी को इतिहास से रूबरू कराया जाएगा।

### मंत्री का लिखित कबूलनामा

परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने लिखित जवाब में साफ किया कि तकनीकी बाधाओं को दूर करने के प्रयास जारी हैं। हालांकि, उन्होंने काम शुरू होने की कोई निश्चित तारीख नहीं दी है। दो साल से लटका यह प्रोजेक्ट पुणे और नासिक के बीच यात्रा के समय को घटाकर केवल 2 घंटे करने का लक्ष्य रखता है, जो फिलहाल कागजों पर ही सिमटा हुआ है।

# उपभोक्ता न्याय में पिछड़ा महाराष्ट्र

## बड़े राज्यों की सूची में सबसे नीचे पायदान पर

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र में उपभोक्ता न्याय प्रणाली को लेकर इंडिया जस्टिस रिपोर्ट ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। रिपोर्ट के अनुसार, महाराष्ट्र में देश के किसी भी अन्य राज्य के मुकाबले सबसे अधिक मामले दर्ज हो रहे हैं, लेकिन न्याय मिलने की रफ्तार यानी मामलों के निपटारे की दर के मामले में राज्य सबसे पिछड़ गया है। साल 2020 से 2024 के बीच महाराष्ट्र के राज्य उपभोक्ता आयोगों में कुल 91,449 मामले दर्ज किए गए। इनमें से केवल 59,067 का ही निपटारा हो सका। रिपोर्ट साफ कहती है कि 19 बड़े और मध्यम आकार के राज्यों की तुलना में महाराष्ट्र में केस खत्म करने की रफ़्तार सबसे खराब रही।

### महाराष्ट्र का ढांचागत विस्तार





महाराष्ट्र में उपभोक्ता न्याय के लिए 4 सर्किट बेंच, 2 क्षेत्रीय पीठें और 40 जिला आयोगों का एक बड़ा नेटवर्क है। इसके बावजूद पेंडिंग केसों की बढ़ती संख्या यह दर्शाती है कि कहीं न कहीं पदों की रिक्तियां या प्रशासनिक जटिलताएं बाधा बन रही हैं। यह रिपोर्ट उन लाखों ग्राहकों के लिए एक चेतावनी है जो बिल्डरों, बीमा कंपनियों या ई-कॉमर्स साइटों के खिलाफ लड़ रहे हैं। रफ़्तार सुस्त होने का मतलब है कि एक छोटे से विवाद को सुलझाने में भी सालों का समय लग सकता है, जिससे 'उपभोक्ता संरक्षण' का मूल उद्देश्य ही खतरे में पड़ जाता है।

### तमिलनाडु और कर्नाटक ने मारी बाजी

जहाँ महाराष्ट्र संघर्ष कर रहा है, वहीं तमिलनाडु मामलों के निपटारे की दक्षता (Efficiency) में देश में नंबर-1 पर रहा। इसके बाद कर्नाटक और उत्तर प्रदेश का स्थान रहा, जिन्होंने भारी संख्या में केस होने के बावजूद महाराष्ट्र से बेहतर प्रदर्शन किया।

### मुंबई महानगर क्षेत्र का बुरा हाल

मुंबई के चार प्रमुख जिला उपभोक्ता आयोगों—मध्य मुंबई, दक्षिण मुंबई, मुंबई उपनगर और मुंबई उपनगर अतिरिक्त—की हालत और भी चिंताजनक है। 2022 से 2025 के बीच यहाँ 4,388 नए मामले आए, जिनमें से केवल 36% का ही समाधान हो पाया। यानी आधे से ज्यादा उपभोक्ता अभी भी न्याय की उम्मीद में तारीखें गिन रहे हैं।

# कल्याण-डोंबिवली में पानी चोरी का खुलासा

## पानी आपूर्ति विभाग की लापरवाही पर पार्षदों का हमला

डीबीडी संवाददाता | कल्याण

कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका क्षेत्र में अवैध इमारतों में रहने वाले लोग पिछले चार वर्षों से चोरी का पानी इस्तेमाल कर रहे हैं। यह चौंकाने वाला खुलासा महासभा में पानी दर वृद्धि पर चर्चा के दौरान हुआ। साथ ही यह भी सामने आया कि पिछले नौ वर्षों से पालिका ने जल आपूर्ति का कोई ऑडिट नहीं किया है। महासभा में सभी दलों के पार्षदों ने पानी आपूर्ति विभाग की कार्यप्रणाली पर तीखी आलोचना की। पार्षद विश्वनाथ राणे, मंदार हळबे, खुशबू चौधरी और माधुरी काले ने अधिकारियों को घेरते हुए कहा कि विभाग की अव्यवस्था के कारण ही पानी की कमी, लीकेज और चोरी जैसी समस्याएं बढ़ी हैं। प्रशासन द्वारा अचानक पानी दर बढ़ाने का प्रस्ताव भी सवालों के घेरे में आया।

### नहीं हुआ वाटर ऑडिट, करोड़ों का नुकसान

पार्षदों ने बताया कि वर्ष 2018 के बाद से पानी का ऑडिट नहीं किया गया, जिससे यह स्पष्ट नहीं है कि कितना पानी उपलब्ध है और कितना वितरित किया जा रहा है। अवैध इमारतों को कनेक्शन न देने के बावजूद वहां के निवासी मुख्य पाइपलाइन में छेद कर पानी ले रहे हैं, जिससे पालिका को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। शहर में पानी लीकेज की दर 22 .34 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है।

# फर्नीचर मार्केट में भीषण आग

**15 दुकानें जलकर राख**

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी-ठाणे रोड स्थित काशेली खाड़ी के पास एक प्रसिद्ध फर्नीचर मार्केट में गुरुवार को अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। शुरुआत एक दुकान से हुई आग ने तेजी से फैलते हुए करीब 15 दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। मार्केट में मौजूद लकड़ी, फोम, कपड़े और अन्य ज्वलनशील सामग्री के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप धारण कर लिया।

### दमकल की टीम मौके पर जुटी



घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। खबर लिखे जाने तक दमकलकर्मी लगातार आग पर काबू पाने की कोशिश में जुटे हुए थे। आग इतनी भीषण थी कि भिवंडी और आसपास के क्षेत्रों में धुएं का घना गुबार देखा गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत प्रशासन को सूचना दी, जिसके बाद राहत और बचाव कार्य तेज किया गया।

### कोई हताहत नहीं, नुकसान का आकलन जारी

राहत की बात यह रही कि इस घटना में अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हालांकि दुकानों के जलने से भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है और आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है।

# महाड़ में 'चवदार तालाब सत्याग्रह' शताब्दी वर्ष का शुभारंभ

डीबीडी संवाददाता | मुंबई/रायगढ़

डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा 20 मार्च 1927 को महाड़ में किए गए ऐतिहासिक चवदार तालाब सत्याग्रह की स्मृति में महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 'समता शताब्दी वर्ष' समारोह का शुभारंभ कल 20 मार्च को रायगढ़ जिले के महाड़ में किया जाएगा।

### बाबासाहेब के विचारों को समर्पित पहल



कांग्रेस पार्टी ने कहा कि डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के विचारों से प्रेरित होकर पार्टी ने हमेशा वंचित, शोषित, दलित, आदिवासी और बहुजन समाज के कल्याण के लिए काम किया है। इस ऐतिहासिक सत्याग्रह ने सामाजिक समानता और अधिकारों की लड़ाई को नई दिशा दी थी।

### प्रमुख नेताओं की रहेगी उपस्थिति

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल, महात्मा गांधी के प्रपौत्र एवं वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता तुषार गांधी और सामाजिक कार्यकर्ता उल्का महाजन सहित कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### पूरे वर्ष मनाया जाएगा शताब्दी उत्सव

20 मार्च 2026 से 20 मार्च 2027 तक कांग्रेस पार्टी 'चवदार तालाब सत्याग्रह समता शताब्दी वर्ष' के रूप में यह वर्ष मनाएगी। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बाबासाहेब के विचारों और सामाजिक न्याय के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

### महापौर निवास के नवीनीकरण पर 1.48 करोड़ खर्च

**मुंबई:** भायखला स्थित रानी बाग में बने महापौर निवास के नवीनीकरण के लिए मुंबई महानगरपालिका ने निविदाएं आमंत्रित की हैं। इस ऐतिहासिक बंगले की मरम्मत दो चरणों में की जाएगी, जिसमें पहले चरण के लिए करीब 1 करोड़ 48 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। 11 फरवरी को हुए चुनाव में रितु तावडे के महापौर बनने के बाद भी एक महीने से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन उन्होंने अभी तक आधिकारिक निवास में प्रवेश नहीं किया है। फिलहाल वे घाटकोपर स्थित अपने निजी आवास में रह रही हैं। करीब 1931 में बना यह बंगला पहले ब्रिटिश अधिकारियों के उपयोग के लिए तैयार किया गया था। बाद में यह प्रशासनिक अधिकारियों और फिर महापौर का निवास बना।

# 'बैंजो' के पैसों पर चली छुरियां

**दोस्त ने ही दोस्त पर किया जानलेवा हमला**

**पुलिस ने दर्ज किया केस, आरोपी फरार**

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

वागले एस्टेट इलाके में माघी गणपति उत्सव के दौरान बैंजो के पैसों के लेनदेन को लेकर हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। एक युवक ने अपने ही दोस्त पर चाकू से जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की शुरुआत जनवरी 2026 में हुई थी, जब किसाननगर के 'बल्लालेश्वर मित्र मंडल' ने माघी गणपति विसर्जन के लिए बैंजो बुक किया था। मंडल के अध्यक्ष सोहम नांगरे ने बैंजो वाले के पैसे नहीं चुकाए थे। चूंकि प्रतीक साकट (30) ने बीच-बचाव किया था, इसलिए बैंजो वाला बार-बार साकट से ही पैसे मांग रहा था। इसी बात को लेकर दोनों दोस्तों के बीच अनबन चल रही थी।

### 13 टांके और जान से मारने की धमकी

हमले के बाद प्रतीक का हाथ बुरी तरह कट गया और काफी खून बहने लगा। घायल अवस्था में भी आरोपी ने उसे गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी सोहम, शौर्य की मोटरसाइकिल पर बैठकर मौके से फरार हो गया। अस्पताल पहुँचने पर डॉक्टरों ने प्रतीक के घाव गहरे होने के कारण 13 टांके लगाए हैं। घायल प्रतीक अपने पिता के साथ श्रीनगर पुलिस स्टेशन पहुँचा और आपबीती सुनाई। सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर गुलजारीलाल फड़तरे के मार्गदर्शन में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब फरार आरोपी सोहम नांगरे की तलाश में जगह-जगह छापेमारी कर रही है।

### घात लगाकर किया गया हमला

19 मार्च 2026 की रात (करीब 12:30 बजे), जब प्रतीक साकट किसाननगर के एक मैदान के पास पान की टपरी पर खड़ा होकर अपने दूसरे दोस्त शौर्य आचरेकर से बात कर रहा था, तभी आरोपी सोहम नांगरे पीछे से आया। उसने बिना कुछ सोचे-समझे प्रतीक के बाएं हाथ की कोहनी और कलाई पर तेज धारदार चाकू से हमला कर दिया।

# मुंबई-पुणे हाईवे पर कार पलटी

**आईआईटी पवई के तीन छात्रों की मौत**

डीबीडी संवाददाता | रायगढ़/मुंबई

रायगढ़ जिले के कलंबोली इलाके में मुंबई-पुणे हाईवे पर गुरुवार सुबह तेज रफ्तार कार के पलटने से दर्दनाक हादसा हो गया। इस दुर्घटना में आईआईटी पवई के तीन छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया।

### तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह





महाराष्ट्र हाईवे पुलिस के अतिरिक्त अधीक्षक तानाजी चिकले के अनुसार, प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह तेज रफ्तार मानी जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई जारी है।

### लोनावला घूमकर लौट रहे थे छात्र

पुलिस के अनुसार, आईआईटी पवई के छह छात्र लोनावला घूमने गए थे और दो कारों से मुंबई लौट रहे थे। इसी दौरान एक कार, जिसमें चार छात्र सवार थे, कलंबोली के पास अनियंत्रित होकर पलट गई।

### तीन छात्रों की मौके पर मौत

इस हादसे में ओमकुमार बोरसे (23), श्रेयांश शर्मा (22) और एक अन्य छात्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए खालापुर के सरकारी अस्पताल भेज दिया है। दुर्घटना में घायल छात्र को तुरंत एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। डॉक्टरों की टीम उसका इलाज कर रही है।

# विधायक नरेंद्र मेहता ने कोर्ट में मांगी बिना शर्त माफी

डीबीडी संवाददाता | भाईंदर

मीरा-भाईंदर से भाजपा विधायक नरेंद्र मेहता द्वारा कांग्रेस नेता मुजफ्फर हुसैन के खिलाफ दिए गए बयान के मामले में बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। मेहता ने अदालत में बिना शर्त माफी मांग ली, जिसके बाद उनके खिलाफ दायर अवमानना याचिका को समाप्त कर दिया गया। यह विवाद 2019 विधानसभा चुनाव के दौरान दिए गए बयानों से जुड़ा है।

चुनाव प्रचार के दौरान नरेंद्र मेहता ने मुजफ्फर हुसैन और उनके परिवार से जुड़े 'उमराव इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च' के अस्पताल निर्माण सहित अन्य मुद्दों पर आरोप लगाए थे। इन आरोपों को लेकर हुसैन ने संस्थान की ओर से मुंबई हाईकोर्ट में मानहानि का मामला दायर किया था। मामला अदालत में लंबित रहने के दौरान कुछ महीनों पहले मेहता ने फिर से हुसैन के खिलाफ टिप्पणी की। इसे अदालत की अवमानना मानते हुए हुसैन ने नई याचिका दायर की। इस पर दो बार सुनवाई हुई और 26 फरवरी 2026 को हुई सुनवाई में मेहता ने शपथपत्र के जरिए बिना शर्त माफी मांग ली। मेहता ने अपने बयान को 'गलतफहमी' का परिणाम बताते हुए भविष्य में ऐसे बयान या पोस्ट न करने का आश्वासन दिया। अदालत ने उनकी माफी स्वीकार करते हुए अवमानना याचिका खत्म कर दी।

# होस्पेट एक्सप्रेस में नशे में हंगामा, यात्री हिरासत में

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

बुधवार रात होस्पेट एक्सप्रेस में एक नशे में धुत यात्री द्वारा हंगामा करने का मामला सामने आया। यात्रियों को परेशान करने की शिकायत मिलने पर रेलवे पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे हिरासत में ले लिया। सीएसएमटी रेलवे पुलिस स्टेशन में तैनात कांस्टेबल शुभम संजय पाटिल ने बताया कि 18 मार्च 2026 की रात वह मेल पेट्रोल ड्यूटी पर ट्रेन नंबर 11139 होस्पेट एक्सप्रेस में मौजूद थे। इसी दौरान ठाणे स्टेशन पर ट्रेन रुकने के समय उन्हें एक यात्री के विवाद की जानकारी मिली।

### कोच में यात्रियों से कर रहा था बहस

प्लेटफॉर्म नंबर 7 पर रात करीब 9 :53 बजे ट्रेन रुकते ही कोच नंबर 54 में सीट नंबर 37 पर बैठा यात्री दूसरे यात्रियों से बहस करता पाया गया। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने उससे पूछताछ की, जिसमें उसके नशे में होने का संदेह हुआ।

### कर्जत स्टेशन पर लिया गया हिरासत में



घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अन्य कर्मचारियों के साथ मिलकर यात्री पर नजर रखी। ट्रेन के कल्याण स्टेशन पार करने के बाद उसे कर्जत स्टेशन पर उतारकर हिरासत में ले लिया गया। इस मामले में ठाणे लोहमार्ग पुलिस स्टेशन में आरोपी यात्री के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। रेलवे पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है और यात्रियों की सुरक्षा को लेकर सख्ती बरती जा रही है।

# राशन देने के बहाने महिला से 3 लाख की ठगी

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

वागले एस्टेट इलाके में 53 वर्षीय महिला के साथ ठगी की चौंकाने वाली घटना सामने आई है। आरोपियों ने राशन देने का झांसा देकर महिला से करीब 3 लाख रुपये के गहने ठग लिए। पुलिस के अनुसार, 16 मार्च 2026 को दोपहर करीब 12:15 बजे आरोपियों ने पीड़िता लता सावंत से सड़क पर बातचीत शुरू की और भरोसा जीतकर उन्हें पास की एक गली में ले गए।

### मुफ्त राशन का लालच देकर बनाया शिकार



आरोपियों ने महिला को बताया कि उनका सेठ लोगों को मुफ्त राशन दे रहा है। विश्वास दिलाने के लिए उन्होंने सावंत को 500 रुपये का नोट भी दिया, जिससे महिला उनके झांसे में आ गई। इसके बाद आरोपियों ने यह कहकर कि उनके सेठ को काले मोतियों से एलर्जी है, महिला से गले का सोने का मंगलसूत्र उतरवा लिया। साथ ही उनका पर्स और चप्पल एक सफेद बैग में रखने को कहा। कुछ देर बाद जब महिला ने बैग खोला तो उसमें केवल चप्पलें ही थीं, जबकि पर्स और करीब 23 .600 ग्राम वजन का सोने का मंगलसूत्र गायब था। ठगी का पता चलते ही पीड़िता ने श्रीनगर पुलिस स्टेशन में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# इंस्टाग्राम से बाहर निकलो: राज ठाकरे

राज ठाकरे ने खामेनेई के निधन पर प्रधानमंत्री द्वारा कोई पोस्ट न किए जाने पर भी जताई हैरानी



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे ने अपनी हालिया रैली में युवाओं और राज्य की वर्तमान स्थिति को लेकर बेहद कड़े और गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने न केवल मनोरंजन की दुनिया में खोई युवा पीढ़ी को चेताया, बल्कि महाराष्ट्र के आर्थिक संकट और गिरती कानून-व्यवस्था पर भी 'प्रहार' किया। राज ठाकरे ने युवाओं से अपील की कि वे मोबाइल और सोशल मीडिया की आभासी दुनिया से बाहर आएं। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में बैठे लोग जानबूझकर आईपीएल (IPL), फिल्में और इंटरनेट का 'डोज' दे रहे हैं ताकि युवा बेरोजगारी और बुनियादी सुविधाओं पर सवाल न पूछें। उन्होंने कहा कि लोग अब सड़कों पर उतरने के बजाय अपना गुस्सा मोबाइल स्क्रीन पर निकाल कर शांत हो जाते हैं, जो एक 'सोची-समझी डिजाइन' है।

### 11 लाख करोड़ का कर्ज और आर्थिक संकट

मनसे प्रमुख ने महाराष्ट्र की आर्थिक स्थिति का तुलनात्मक ब्यौरा पेश किया। उन्होंने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण के समय राज्य पर 2 लाख करोड़ का कर्ज था, जो अब बढ़कर 11 लाख करोड़ रुपए तक पहुँच गया है। उन्होंने मीडिया पर भी दबाव का आरोप लगाया कि ऐसी खबरें जनता तक नहीं पहुँचने दी जा रही हैं। कानून-व्यवस्था पर बोलते हुए राज ठाकरे ने डराने वाले आंकड़े रखे। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र से हर साल 4,500 से 5,500 बच्चे लापता हो रहे हैं।

## नए सिरे से संगठन खड़ा करने की तैयारी

# महाराष्ट्र में कांग्रेस का 'सृजन अभियान'

देवेंद्रनाथ जैस्वार । मुंबई/नागपुर

अखिल भारतीय कांग्रेस ने महाराष्ट्र में संगठन को मजबूत करने के लिए 'सृजन अभियान' की घोषणा की है। इसके तहत शहर और जिलाध्यक्षों की नई नियुक्ति की जाएगी। इस प्रक्रिया से पहले राज्य के सभी जिलों में निरीक्षकों को भेजकर संगठन का आकलन किया जाएगा।

कांग्रेस के निरीक्षक हर जिले और शहर में जाकर जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कांग्रेस विचारधारा से जुड़े लोगों से चर्चा करेंगे। इसके आधार पर वे जिलाध्यक्ष और शहर अध्यक्ष पद के लिए तीन से पांच नामों का पैनल तैयार कर पार्टी हाईकमान को भेजेंगे। इस चयन में सामाजिक संतुलन, क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व, लिंग और जातीय समीकरणों का ध्यान रखा जाएगा।

## संगठन मजबूती के लिए तैनात होंगे 37 निरीक्षक



### गुप्त निगरानी और अंतिम निर्णय हाईकमान का

पार्टी ने इस प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए निरीक्षकों के साथ गुप्त पर्यवेक्षकों की भी नियुक्ति की योजना बनाई है, जो सीधे पार्टी नेतृत्व को रिपोर्ट देंगे। निरीक्षकों और गुप्त रिपोर्ट्स के आधार पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। कांग्रेस इस अभियान के जरिए आगामी तीन वर्षों बाद होने वाले चुनावों के लिए अभी से संगठन को मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रही है।

### सात दिन तक करेंगे ठहरकर समीक्षा

प्रत्येक जिले में निरीक्षक करीब सात दिनों तक रुककर स्थानीय नेताओं, ब्लॉक और विधानसभा स्तर के पदाधिकारियों, सामाजिक संगठनों, सिविल सोसायटी, साहित्यकारों और व्यापारी वर्ग से संवाद करेंगे। हर दिन की रिपोर्ट पार्टी नेतृत्व को भेजना अनिवार्य होगा।

### आवेदन प्रक्रिया और संभावित चयन

अभियान के तहत इच्छुक उम्मीदवारों को निरीक्षकों के पास आवेदन देना होगा। हालांकि यदि किसी ने आवेदन नहीं किया, लेकिन स्थानीय स्तर पर उसके नाम को समर्थन मिला, तो निरीक्षक उसे भी पैनल में शामिल कर सकते हैं। जल्द ही 37 निरीक्षकों को जिलानुसार जिम्मेदारी सौंपी जाएगी और विस्तृत टाइम-टेबल जारी किया जाएगा।

## हिरासत में मौत का मामला

# हाईकोर्ट ने सीबीआई रिपोर्ट को माना सही

पुलिस को राहत

मौत का कारण हार्ट अटैक, मारपीट नहीं: कोर्ट



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

वडाला ट्रक टर्मिनल पुलिस हिरासत में 26 वर्षीय विजय सिंह की मौत के मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने सीबीआई की जांच रिपोर्ट को सही ठहराते हुए कहा कि युवक की मौत पुलिस मारपीट से नहीं, बल्कि भय के कारण आए अचानक दिल के दौरे से हुई थी। कोर्ट ने मृतक के पिता द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें हिरासत में मौत का आरोप लगाया गया था। इस फैसले से पुलिस को बड़ी राहत मिली है।

छह साल पुराने इस मामले में अदालत ने स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ता के आरोपों के समर्थन में कोई ठोस साक्ष्य मौजूद नहीं है।

न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजुषा देशपांडे की खंडपीठ ने कहा कि मेडिकल और वैज्ञानिक प्रमाण साफ तौर पर दर्शाते हैं कि विजय की मृत्यु हार्ट अटैक से हुई। केवल संदेह या आरोप के आधार पर पुलिस को दोषी नहीं ठहराया जा सकता।

### मेडिकल रिपोर्ट और गवाहों के आधार पर CBI का निष्कर्ष

सीबीआई ने अपनी जांच में गवाहों के बयान, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और केईएम, जेजे अस्पताल व एम्स के विशेषज्ञों की राय को ध्यान में रखते हुए पुलिस के खिलाफ कोई अपराध साबित नहीं पाया। जांच एजेंसी ने निष्कर्ष निकाला कि विजय की मौत मारपीट से नहीं, बल्कि अचानक आए हृदयाघात से हुई थी। इसी आधार पर अदालत ने सीबीआई की अंतिम रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया।

### घटना के बाद SIT जांच, फिर CBI को सौंपा गया मामला

घटना 27 अक्टूबर 2019 की है, जब एमएमआरडीए परिसर में दो गुटों के बीच विवाद के दौरान पुलिस ने विजय को हिरासत में लिया था। पुलिस के अनुसार, हिरासत में रहते हुए उसे अचानक सीने में दर्द हुआ और अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया था और मामला पहले एसआईटी को सौंपा गया, लेकिन ठोस सबूत न मिलने पर कोई केस दर्ज नहीं हुआ। बाद में मृतक के पिता की मांग पर सितंबर 2025 में हाईकोर्ट ने जांच सीबीआई को सौंप दी थी।

# 'रहेजा हाइट्स' में घुसा तेंदुआ, कुत्ते का किया शिकार

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

गोरेगांव (पूर्व) स्थित दिंडोशी इलाके में एक बार फिर तेंदुए की आहट ने स्थानीय निवासियों की नींद उड़ा दी है। 'रहेजा हाइट्स' जैसी पॉश रिहायशी सोसाइटी के भीतर घुसकर तेंदुए द्वारा एक कुत्ते का शिकार करने की घटना सीसीटीवी में कैद हुई है, जिससे पूरे परिसर में दहशत का माहौल है। बीते मंगलवार की तड़के हुई यह घटना रोंगटे खड़े कर देने वाली है। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि एक तेंदुआ बड़ी खामोशी से रहेजा हाइट्स सोसाइटी के गेट के भीतर दाखिल होता है। वहां सो रहे एक लावारिस कुत्ते पर वह बिजली की फुर्ती



से हमला करता है और उसे दबोचकर पलक झपकते ही अंधेरे में ओझल हो जाता है।

यह इलाका न केवल घनी आबादी वाला है, बल्कि आईटी पार्क और फिल्म सिटी रोड के बिल्कुल करीब स्थित है। यहाँ दिन-रात लोगों और गाड़ियों की आवाजाही बनी रहती है। तेंदुए का सीधे बिल्डिंग के भीतर घुसना यह बताता है कि जंगली जानवर अब इंसानी बस्तियों के इतने करीब आ चुके हैं कि सुरक्षा की दीवारें भी छोटी पड़ रही हैं। सोसाइटी में रहने वाले वरिष्ठ नागरिक, जो सुबह की सैर (Morning Walk) के शौकीन हैं, और छोटे बच्चों के माता-पिता अब नीचे उतरने से घबरा रहे हैं। सोसाइटी मैनेजमेंट कमेटी ने सुरक्षा गार्डों को अलर्ट कर दिया है और निवासियों को रात के समय अकेले बाहर न निकलने की सख्त हिदायत दी है।

### वन विभाग का एक्शन प्लान

घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने इलाके का मुआयना किया है। अधिकारियों का कहना है कि तेंदुए अक्सर कुत्तों के आसान शिकार की तलाश में रिहायशी इलाकों का रुख करते हैं। वन विभाग ने अब इलाके में गश्त बढ़ा दी है, झाड़ियों की छंटाई के निर्देश दिए हैं और तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। वन विभाग ने स्थानीय लोगों को सलाह दी है कि रात के समय सोसाइटी परिसर में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था रखें। कूड़ा-कचरा खुला न छोड़ें, क्योंकि इससे आवारा कुत्ते इकट्ठा होते हैं जो तेंदुए का मुख्य शिकार हैं। रात को बाहर निकलते समय मोबाइल पर तेज आवाज़ में गाना बजाएं या आपस में बात करते रहें।

# उबर कैब रोककर टीवी अभिनेत्री को दी धमकी

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

शहर में एक चौंकाने वाली रोडरेज की घटना सामने आई, जिसमें दो अज्ञात स्कूटर सवार युवकों ने उबर कैब को बीच रास्ते रोककर हंगामा किया। कैब में सवार टीवी अभिनेत्री निमिषा नायर को भी आरोपियों ने धमकाया। इस मामले में बुधवार को खेरवाड़ी पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है और पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। जानकारी के मुताबिक, 30 वर्षीय अभिनेत्री निमिषा विजयन नायर 17 मार्च की सुबह करीब 4:25 बजे काम के सिलसिले में नरीमन पॉइंट जा रही थीं। जब उनकी कैब बांद्रा पूर्व स्थित खेरवाड़ी ब्रिज के पास पहुंची, तभी स्कूटर सवार दो युवक उनकी गाड़ी के आगे-पीछे खतरनाक तरीके से वाहन चलाने लगे और कुछ दूरी पर कैब को रोक लिया।

आरोप है कि दोनों युवक स्कूटर से उतरकर कैब का दरवाजा जबरन खोलने लगे। उन्होंने चालक के साथ अभद्रता की और मारपीट की कोशिश की। साथ ही अभिनेत्री को भी 'देख लेने' की धमकी दी गई, जिससे मौके पर तनाव का माहौल बन गया।

### रोडरेज का मामला दर्ज




### वीडियो रिकॉर्ड होते ही आरोपी फरार

घटना के दौरान अभिनेत्री ने साहस दिखाते हुए अपने मोबाइल से पूरी घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग शुरू कर दी। वीडियो बनता देख आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले को रोडरेज मानते हुए जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

# महाराष्ट्र के सर्पमित्रों को मिलेगा सरकारी सुरक्षा कवच

बीमा सुविधा और 'अधिकृत सेवक' के दर्जे पर विचार

डीबीडी संवाददाता । मुंबई



वन मंत्री गणेश नाईक ने राज्य के हजारों 'सर्पमित्रों' के लिए एक बड़ी और राहत भरी घोषणा की है। अपनी जान जोखिम में डालकर सांपों और अन्य वन्यजीवों को बचाने वाले इन निस्वार्थ सेवादारों को अब सरकार बीमा सुरक्षा कवच देने की तैयारी कर रही है। वन मंत्री गणेश नाईक ने स्वीकार किया कि सर्पमित्र बिना किसी स्वार्थ और मानधन (Salary) के बस्तियों में घुस आए सांपों को पकड़ते हैं और उन्हें सुरक्षित जंगल में छोड़ते हैं। इस दौरान कई बार सर्पदंश से उनकी जान पर बन आती है। अब तक इन्हें केवल पंजीकरण और आईडी कार्ड मिलता था, लेकिन कोई आर्थिक या सामाजिक सुरक्षा नहीं थी। सरकार ने निर्णय लिया है कि राज्य के सभी अधिकृत सर्पमित्रों का डेटा इकट्ठा किया जाएगा। एक बार डेटा तैयार होने के बाद, सरकार उन्हें एक व्यापक बीमा पॉलिसी के दायरे में लाएगी।


## पश्चिम रेलवे
स्टोर विभाग

अप्रैल 2026 में P-Way एवं अन्य विभिन्न स्क्रैप की ई-नीलामी बिक्री

विशेष ध्यान दें कि सभी स्टील खरीदार एवं री-रोलर्स

P-Way स्क्रैप, रेल स्क्रैप तथा अन्य विभिन्न प्रकार की स्क्रैप सामग्री के निपटान के लिए सार्वजनिक ई-नीलामी अप्रैल 2026 में नीचे दिए गए कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएगी।

| पहला राउंड | दूसरा राउंड | डिपो / मंडल | प्रभारी अधिकारी | संपर्क नंबर |
|---|---|---|---|---|
| 06/04/2026 | 16/04/2026 | रतलाम | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक – RTM (रतलाम) | 07412230080 09752492750 |
| 06/04/2026 | 24/04/2026 | दाहोद | उप मुख्य सामग्री प्रबंधक – DHD (दाहोद) | 02673241295 09724090455 |
| 07/04/2026 | 17/04/2026 | वडोदरा | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक – BRC (वडोदरा) | 02652641592 09724091750 |
| 08/04/2026 | 23/04/2026 | अहमदाबाद | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक – ADI (अहमदाबाद) | 07922205888 09724093750 |
| 09/04/2026 | 21/04/2026 | मुंबई सेंट्रल | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक – MMCT (मुंबई सेंट्रल) | 022-23094142 09004499006 |
| 09/04/2026 | 22/04/2026 | प्रतापनगर | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक – BRC (वडोदरा) | 02652641592 09724091750 |
| 10/04/2026 | 23/04/2026 | साबरमती | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक – SBI (साबरमती) | 02812476943 09724094770 |
| 10/04/2026 | 24/04/2026 | राजकोट | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक – RJT (राजकोट) | 02812476943 09724094770 |
| 16/04/2026 | 28/04/2026 | महालक्ष्मी | उप मुख्य सामग्री प्रबंधक – MX (महालक्ष्मी) | 022-24929571 09004495750 |
| 16/04/2026 | 28/04/2026 | पर्डी | उप मुख्य सामग्री प्रबंधक – MX | 022-24929571 09004495750 |
| 17/04/2026 | 29/04/2026 | भावनगर | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक – BVP | 02782444360 09724097750 |

विस्तृत जानकारी हेतु संबंधित डिपो/मंडल अधिकारी से संपर्क करें।

**नोट:** 1. रेलवे को किसी भी लॉट को ई-नीलामी से वापस लेने का अधिकार सुरक्षित है। 2. ई-नीलामी निर्धारित समय के अनुसार शुरू होगी। 3. ई-नीलामी कैटलॉग वेबसाइट IREPS (www.ireps.gov.in) के ई-ऑक्शन पोर्टल पर उपलब्ध रहेगा। 4. ई-नीलामी, डिजिटल सिग्नेचर, रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया एवं भागीदारी से संबंधित किसी भी सहायता के लिए ऊपर दिए गए डिपो/मंडल अधिकारी से संपर्क करें। 5. सभी भुगतान लेन-देन ऑनलाइन पेमेंट गेटवे के माध्यम से ही किए जाएंगे।

**(संख्या: S/SIII/Auction Programme-1/APRIL2026, दिनांक: 09.03.2026)**

1234

Like us on : facebook.com/WesternRly • follows us on : twitter.com/WesternRly



## पश्चिम रेलवे विशेष ट्रेनों के फेरे बढ़ाएगा

| ट्रेन नंबर | प्रस्थान स्टेशन | गंतव्य | संचालन दिन | तक बढ़ाया गया |
|---|---|---|---|---|
| 09207 | बांद्रा टर्मिनस | भावनगर टर्मिनस | शुक्रवार | 31.07.2026 |
| 09208 | भावनगर टर्मिनस | बांद्रा टर्मिनस | गुरुवार | 30.07.2026 |
| 09415 | बांद्रा टर्मिनस | गांधीधाम | गुरुवार | 30.07.2026 |
| 09416 | गांधीधाम | बांद्रा टर्मिनस | गुरुवार | 30.07.2026 |
| 09055 | बांद्रा टर्मिनस | उधना | सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार एवं रविवार | 29.07.2026 |
| 09056 | उधना | बांद्रा टर्मिनस | सोमवार, मंगलवार, बुधवार, शनिवार एवं रविवार | 29.07.2026 |
| 09035 | बांद्रा टर्मिनस | उधना | शुक्रवार, शनिवार | 31.07.2026 |
| 09036 | उधना | बांद्रा टर्मिनस | गुरुवार, शुक्रवार | 30.07.2026 |
| 09037 | बांद्रा टर्मिनस | भुज | गुरुवार, शनिवार | 30.07.2026 |
| 09038 | भुज | बांद्रा टर्मिनस | शुक्रवार, रविवार | 31.07.2026 |
| 09009 | बांद्रा टर्मिनस | भुज | रविवार | 26.07.2026 |
| 09010 | भुज | बांद्रा टर्मिनस | सोमवार | 27.07.2026 |
| 09011 | बांद्रा टर्मिनस | भुज | मंगलवार | 28.07.2026 |
| 09012 | भुज | बांद्रा टर्मिनस | बुधवार | 29.07.2026 |
| 09017 | बांद्रा टर्मिनस | वेरावल | रविवार | 26.07.2026 |
| 09018 | वेरावल | बांद्रा टर्मिनस | सोमवार | 27.07.2026 |

समय, ठहराव एवं रचना की विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं।

बुकिंग जानकारी: उपरोक्त सभी ट्रेनों के बढ़ाए गए फेरे (Extended Trips) की बुकिंग 20.03.2026 से PRS काउंटरों तथा IRCTC वेबसाइट पर शुरू होगी। महत्वपूर्ण: उपरोक्त सभी ट्रेनें स्पेशल किराया (Special Fare) के साथ विशेष ट्रेन (Special Train) के रूप में चलाई जाएगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in

Like us & Follow us on:
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र साथ रखना अनिवार्य है।



## कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका, कल्याण
बांधकाम विभाग

### निविदा सुचना क्र. ५४ (२०२५-२६) २री मागणी

प्रशासक, कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका हे कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका क्षेत्रातील खालील १९ कामांकरीता B-1 नमुन्यात योग्य त्या वर्गातील नोंदणीकृत कंत्राटदारांकडून ई-निविदा मागवित आहेत.

कोरे निविदा फॉर्म व निविदेबाबतच्या सर्व अटी शर्तीची संपूर्ण माहिती महाराष्ट्राचे www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दि. २०/०३/२०२६ ते दि. २७/०३/२०२६ रोजी दुपारी ३.०० वाजेपर्यंत उपलब्ध होईल. भरण्यात आलेल्या निविदा हया दि. २७/०३/२०२६ रोजी दुपारी ३.०० वाजेपर्यंत वरील संकेतस्थळावर अपलोडकरणेत याव्यात. प्राप्त निविदा दि.३०/०३/२०२६ रोजी दुपारी ११.०० वाजता शक्य झाल्यास उघडण्यात येतील.

अ.क. १, २, ३,८, १६, १७, १८ साठी निविदा पुर्व बैठक दि. २४/०३/२०२६ रोजी मा. शहर अभियंता, क.डॉ.म.पा. यांचे दालनात घेण्यात येईल.

कोणत्याही कारणास्तव एक किंवा सर्व निविदा रद्द करण्याचा अधिकार प्रशासकांनी राखून ठेवला आहे. याबद्दलचा त्यांचा निर्णय अंतिम व सर्व निविदाधारकांना बंधनकारक राहील.

निविदेबाबतची अधिक माहिती www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे.

सही/-
शहर अभियंता
कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका,
कल्याण.

कडोंमपा / जसंवि / मुका / १०१६
दि.:- १८/०३/२०२६



## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

क्र.: उप.प्र.अभि./इ.प्र./0686/पी व आर/प.उ.-2 दिनांक: 17 मार्च 2026

### सार्वजनिक सूचना

उप प्रमुख अभियंता (इमारत प्रस्ताव) प.उ.-2, कांदिवली (पूर्व) के कार्यालय में दैनिक सफाई हेतु हाउसकीपिंग सेवा उपलब्ध कराने के लिए दिनांक 01.04.2026 से 30.09.2026 तक की अवधि के लिए ठेका श्रमिकों की नियुक्ति की जानी है। इस कार्य हेतु केवल स्थानीय अनुभवी अशासकीय संस्थाओं का चयन लॉटरी (सोडत) पद्धति द्वारा किया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत सूचना महानगरपालिका की वेबसाइट http://portal.mcgm.gov.in पर उपलब्ध है। उक्त निविदा की अंतिम तिथि दिनांक 30.03.2026 है।

इच्छुक संस्थाएं योजना की विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र मुख्य लिपिक (व्यय), इमारत प्रस्ताव (प.उ.-2) के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस (शनिवार एवं अवकाश को छोड़कर) दिनांक 23.03.2026 से 27.03.2026 तक प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक 3630/- + 18% जीएसटी नकद भुगतान कर चलान के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं तथा दिनांक 30.03.2026 तक ई.एम.डी. (EMD) जमा की जा सकती है।

हस्ता/-
उप-प्रमुख अभियंता (इमारत प्रस्ताव) प.उ.-2

पीआरओ/3314/विज्ञा./2025-26

हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।

संपादकीय

# खनन पर हो मनन

सत्ताधीशों की इच्छा शक्ति की कमी और प्रवर्तन एजेंसियों की लापरवाही से खनन माफिया के हौसल बुलंद हैं। कहीं न कहीं नागरिकों की उदासीनता भी इसके मूल में हैं। पंजाब के रोपड़ जिले की शिवालिक पहाड़ियों में हो रही तबाही उस भयावह स्थिति को दर्शाती है, जिसका खमियाजा आने वाली पीढ़ियों को भी भुगतना पड़ेगा। वजह साफ है कि अंधाधुंध खनन से शिवालिक पहाड़ियों के पारिस्थितिकीय तंत्र को भारी क्षति पहुंच रही है। जो हमें यह भी बताता है कि नीति और प्रवर्तन के बीच खाई में पर्यावरणीय अपराध कैसे और किस तेजी से पनपते हैं। प्रशासन की नाक के नीचे खुदाई करने वाली भारी मशीनों का खुलेआम प्रयोग अवैध खनन हेतु किया जा रहा है। इस पारिस्थितिक रूप से नाजुक क्षेत्र की पूरी पहाड़ियों को समतल किया जा रहा है। जो हमारे पर्यावरण के लिये एक गंभीर चुनौती है। यह क्षति शिवालिक पहाड़ियों के मूल पारिस्थितिक कार्यों मसलन भूजल पुनर्भरण, मृदा-स्थिरता और जैव-विविधता संरक्षण जैसे जीवन रक्षक लक्ष्यों को गंभीर रूप से प्रभावित करती है। दरअसल, यह शिवालिक पर्वतमाला भू-संरचना की दृष्टि से नयी बनी हुई है और स्वाभाविक रूप से अस्थिर है। निर्विवाद रूप से किसी भी स्थान पर होने वाली अनियंत्रित खुदाई से भूमि का कटाव बहुत तेजी से होता है। जिसके चलते वर्षा ऋतु और उसके बाद भूस्खलन की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ती है। वहीं इन क्षेत्रों में गाद जमाव का संकट भी गहरा जाता है। कालांतर इसके चलते जल निकासी के पैटर्न में अप्रत्याशित बदलाव देखने में आता है। यह सर्वविदित है कि एक बार इन पहाड़ियों को अवैध रूप से काटकर समतल कर दिया जाता है तो उसके मूल स्वरूप को फिर प्राप्त कर पाना लगभग असंभव है। दूसरे शब्दों में कहें उस क्षेत्र विशेष का प्राकृतिक संरक्षण कवच हमेशा के लिए नष्ट हो जाता है। ऐसे में प्राकृतिक सुरक्षा को नष्ट करने वाला विकास कालांतर आपदा का कारक बन सकता है। दरअसल, यह ऐसा प्राकृतिक सुरक्षा तंत्र होता है जो निचले मैदानी इलाकों को बाढ़ और जल संकट से बचाता है। यह विडंबना ही कही जाएगी कि इस बाबत जवाबदेह अधिकारियों द्वारा दलील दी जाती रही है कि इस क्षेत्र में खनन की प्रक्रिया पर्यावरण संबंधी स्वीकृतियों के आधार पर की जाती रही है। साथ ही यह भी सफाई दी जाती है कि ऐसी स्वीकृतियों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाया जाता है। लेकिन हकीकत तब उजागर हो जाती है जब स्थानीय लोग रात के समय होने वाले खनन कार्यों, निर्धारित सीमा से अधिक और बड़े पैमाने पर पहाड़ी इलाकों में कटाई होने के आरोप लगाते हैं। ऐसे में अधिकारियों की तमाम दलीलें खोखली ही साबित होती हैं। दरअसल,सवाल नियम-कानूनों की प्रभावकारिता का नहीं है बल्कि असली दिक्कत प्रवर्तन एजेंसियों की उदासीनता की है। जो वस्तु-स्थिति से अवगत होने के बावजूद इन आपराधिक कृत्यों के प्रति आंखें मूंदे रहती हैं। दरअसल, खनन कार्यों से जुड़े ठेकेदारों को आपराधिक तत्वों व राजनेताओं का संरक्षण भी एक बड़ी चुनौती है। इसमें दो राय नहीं है कि जब अवैध खनन के खिलाफ जमीनी स्तर पर निगरानी के बजाय महज कागजी कार्रवाई का सहारा लिया जाता है तो अवैध खनन को संबल मिलता है। ऐसा भी नहीं है कि यह अवैध खनन केवल पंजाब की शिवालिक पहाड़ियों के आसपास ही हो रहा है। पूरे भारत में, पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील तमाम क्षेत्रों में अवैध खनन लगातार पर्यावरण से जुड़े कानूनों की सीमाओं का उल्लंघन करता नजर आता है। अकसर खनन के लिये दिए गए परमिटों में अस्पष्टता और स्थानीय स्तर पर कमजोर निगरानी का फायदा उठाया जाता है।

# विश्व गौरैया दिवस : घटती चहचहाहट और हमारी जिम्मेदारी



**जितेंद्र यादव**
युवा पत्रकार, अंधेरी में निवास

पिछले कुछ दशकों में गौरैया की संख्या में चिंताजनक गिरावट दर्ज की गई है। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में गौरैया की आबादी में लगभग 60% से 80% तक की कमी आई है। भारत के कई महानगरों जैसे दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु में यह गिरावट और भी अधिक स्पष्ट रूप से देखी गई है। 1990 के दशक तक जो गौरैया हर घर में दिखाई देती थी, आज उसे ढूंढना मुश्किल हो गया है।

हाल ही में Akhilesh Yadav ने मुंबई के ताज होटल में आयोजित Vision India Conclave में विकास, टेक्नोलॉजी और रचनात्मकता पर अपने विचार रखते हुए एक महत्वपूर्ण संदेश दिया— विकास तभी सार्थक है, जब वह प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर आगे बढ़े।

इसी क्रम में उन्होंने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल का उल्लेख करते हुए बताया कि इटावा के लायन सफारी में देश का पहला Bird Festival आयोजित किया गया था, जहां से गौरैया संरक्षण की एक व्यापक मुहिम शुरू हुई। अपने गृह क्षेत्र सैफई से भी इस दिशा में विशेष प्रयास किए गए, जिनका उद्देश्य गौरैया को पुनः हमारे वातावरण में स्थापित करना था। यह पहल आज एक उदाहरण के रूप में सामने है कि यदि इच्छाशक्ति हो, तो सकारात्मक बदलाव संभव है।

**World Sparrow Day: एक चेतावनी, एक अवसर**

हर साल 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है। यह दिन हमें उस छोटी-सी चिड़िया की याद दिलाता है, जिसकी चहचहाहट कभी हमारे आंगन, छत और खिड़कियों का अभिन्न हिस्सा हुआ करती थी— गौरैया।

आज यह स्थिति बदल चुकी है। तेजी से होते शहरीकरण और पर्यावरणीय असंतुलन ने इस परिचित पक्षी को हमारे जीवन से लगभग गायब कर दिया है। यह केवल एक पक्षी के लुप्त होने की कहानी नहीं, बल्कि हमारी विकास प्रक्रिया की एक गंभीर चेतावनी भी है।

**घटती संख्या: चिंताजनक संकेत**

पिछले कुछ दशकों में गौरैया की संख्या में चिंताजनक गिरावट दर्ज की गई है। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में गौरैया की आबादी में लगभग 60% से 80% तक की कमी आई है। भारत के कई महानगरों जैसे दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु में यह गिरावट और भी अधिक स्पष्ट रूप से देखी गई है।

**जागरूकता की दिशा: एक महत्वपूर्ण पहल**

इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम तब उठाया गया, जब Sheila Dikshit ने वर्ष 2012 में गौरैया को दिल्ली का राजकीय पक्षी घोषित किया। इस निर्णय का उद्देश्य लोगों में जागरूकता बढ़ाना और इस छोटे लेकिन महत्वपूर्ण पक्षी के संरक्षण को जन-आंदोलन बनाना था।



1990 के दशक तक जो गौरैया हर घर में दिखाई देती थी, आज उसे ढूंढना मुश्किल हो गया है। बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी और अन्य पर्यावरण संगठनों ने भी इस पर चिंता जताई है।

**कारण: बदलती जीवनशैली और पर्यावरणीय दबाव**

गौरैया के घटने के पीछे कई कारण हैं:
- कंक्रीट के आधुनिक घर, जहां घोंसलों के लिए जगह नहीं
- कीटनाशकों के कारण कीड़े-मकोड़ों की कमी
- शहरी हरित क्षेत्र का घटता दायरा
- मोबाइल टावरों से निकलने वाला संभावित रेडिएशन

यह सभी कारण मिलकर इस छोटे पक्षी के अस्तित्व को चुनौती दे रहे हैं।

**जमीन से उठती आवाज: अनुभव और समाधान**

इटावा की गौरैया संरक्षिका डॉ. सुनीता यादव के शब्द इस पूरी स्थिति को सरल रूप में समझाते हैं:
"प्राकृतिक घोंसलों की कमी के बीच कृत्रिम घोंसले गौरैया के लिए नया घर बन रहे हैं। यदि हम थोड़ी संवेदनशीलता दिखाएं, तो गौरैया फिर लौट सकती है।"

**समाज की भागीदारी: उम्मीद की किरण**

देश के विभिन्न हिस्सों में आम लोग भी इस दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। दिल्ली के "Nest Man" राकेश खत्री ने लाखों कृत्रिम घोंसले बनाकर गौरैया के लिए सुरक्षित स्थान तैयार किए और लोगों को इस अभियान से जोड़ा।

वहीं झारखंड के "Birdman" पन्नालाल महतो अपने सीमित संसाधनों के बावजूद सैकड़ों घोंसले बनाकर और घायल पक्षियों की देखभाल कर इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं— वह भी बिना किसी आर्थिक सहयोग के।

राजस्थान में महिलाओं द्वारा बड़े पैमाने पर कृत्रिम घोंसले बनाना भी एक प्रेरणादायक उदाहरण है, जो यह दर्शाता है कि सामूहिक प्रयास से बदलाव संभव है।

**पर्यावरणीय संतुलन का प्रश्न**

पर्यावरणीय असंतुलन का असर केवल गौरैया तक सीमित नहीं है। यह पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को प्रभावित करता है। गौरैया जैसे छोटे पक्षी खाद्य श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं।

इनके कम होने से कीटों की संख्या बढ़ सकती है, जिससे कृषि और मानव जीवन दोनों प्रभावित होते हैं। यह स्पष्ट संकेत है कि प्रकृति का संतुलन बिगड़ रहा है।

**निष्कर्ष: जिम्मेदारी हमारी है**

यह विडंबना ही है कि जिस विकास को हम अपनी प्रगति का प्रतीक मानते हैं, वही विकास अब हमारे प्राकृतिक साथी को हमसे दूर कर रहा है। हमें यह समझना होगा कि विकास और पर्यावरण संरक्षण एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। गौरैया की चहचहाहट केवल एक आवाज नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ हमारे रिश्ते की पहचान है। इसे बचाना हमारी जिम्मेदारी है—क्योंकि जब तक यह चिड़िया हमारे आसपास है, तब तक यह विश्वास भी बना रहता है कि प्रकृति अभी जीवित है।

हमारी गीता

# नरकवास का वास्तविक अर्थ



**स्वामिनी निष्कलानंदा**
चिन्मय मिशन कल्याण

भगवद्गीता में अर्जुन द्वारा व्यक्त "नरकवास" की अवधारणा केवल मृत्यु के बाद मिलने वाले दंड तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे वर्तमान जीवन की स्थिति को भी दर्शाती है। अर्जुन कहता है कि जिस परिवार में कुलधर्म नष्ट हो जाते हैं, वहाँ के लोगों को अनिश्चित काल तक नरकवास मिलता है। यहाँ कुलधर्म का अर्थ है—परिवार की सांस्कृतिक शुचिता, नैतिकता और आध्यात्मिक आधार।

अर्जुन की यह बात भले ही भ्रम की स्थिति में कही गई हो, लेकिन उसमें गहरा सत्य छिपा है। जब परिवार में एकता, शुद्ध आचार और पवित्र विचार समाप्त हो जाते हैं, तब जीवन में अशांति, कलह और पतन का मार्ग खुल जाता है। यही स्थिति वास्तव में "नरक" का निर्माण करती है। आधुनिक विचारक स्वर्ग और नरक को काल्पनिक मानते हैं, परंतु यदि हम गहराई से विचार करें तो समझ आता है कि नरक कोई दूर की वस्तु नहीं, बल्कि हमारे कर्मों का तत्काल परिणाम है।

नरक का अर्थ है—जहाँ सुख का अभाव हो। जब व्यक्ति अनुचित कर्म करता है, नियमों की अवहेलना करता है और नैतिकता से भटकता है, तब उसका जीवन स्वयं ही कष्टों से भर जाता है। रोग, तनाव, पारिवारिक



कलह, सामाजिक भ्रष्टाचार—ये सभी नरक के ही रूप हैं। जिस प्रकार एक छोटी सी चिंगारी पूरे वन को जला सकती है, उसी प्रकार एक व्यक्ति का दुष्कर्म पूरे समाज को प्रभावित कर सकता है। इसके विपरीत, स्वर्ग का अर्थ है—सुख, शांति और संतुलन। सुंदर प्रकृति, कला, संगीत, प्रेमपूर्ण संबंध—ये सब स्वर्ग के प्रतीक हैं। अतः स्वर्ग और नरक कहीं और नहीं, बल्कि इसी जीवन में हमारे आचरण और विचारों से निर्मित होते हैं।

इसलिए आवश्यक है कि हम अपने जीवन को सुधारें, नैतिकता और अनुशासन का पालन करें तथा अपने परिवार और समाज को एक सकारात्मक दिशा दें। यही गीता का संदेश है—अपने कर्मों से जीवन को स्वर्ग बनाओ, क्योंकि नरक और स्वर्ग दोनों हमारे भीतर ही बसते हैं।

शख्सियत | निशा मिलेट

# जल-परी की संघर्ष और सफलता की कहानी



भारतीय खेल जगत में जब भी तैराकी (Swimming) का जिक्र होता है, तो एक नाम पूरी चमक के साथ उभरता है— निशा मिलेट। निशा न केवल एक बेहतरीन एथलीट रही हैं, बल्कि वे दृढ़ इच्छाशक्ति और विपरीत परिस्थितियों से लड़कर जीतने का एक जीवंत उदाहरण भी हैं। 20 मार्च, 1982 को जन्मी निशा ने भारतीय तैराकी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दिलाई।

निशा मिलेट की कहानी किसी फिल्मी पटकथा से कम नहीं है। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि जिस लड़की ने ओलंपिक के स्विमिंग पूल में भारत का प्रतिनिधित्व किया, उसे बचपन में पानी से बहुत डर लगता था। जब निशा मात्र 5 साल की थीं, तब वे एक डूबते हुए हादसे का शिकार होते-होते बची थीं। इस घटना ने उनके मन में पानी के प्रति एक गहरा डर (फोबिया) पैदा कर दिया था।

उनके पिता, जो खुद खेलों के प्रति उत्साही थे, ने तय किया कि निशा को इस डर पर विजय पानी होगी। उन्होंने निशा को तैराकी सीखने के लिए प्रेरित किया। धीरे-धीरे वह डर साहस में बदल गया और निशा ने पानी के साथ एक अटूट रिश्ता बना लिया। निशा मिलेट की प्रतिभा 1990 के दशक के मध्य में उभरकर सामने आई। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी धाक जमानी शुरू की। 1999 के राष्ट्रीय खेलों में उन्होंने जो किया, वह भारतीय खेल इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। उस प्रतियोगिता में निशा ने 14 स्वर्ण पदक जीतकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। उनकी इस उपलब्धि ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा।

निशा के करियर का सबसे ऐतिहासिक क्षण साल 2000 में आया, जब उन्होंने सिडनी ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। वे 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में 'A' मानक हासिल कर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय तैराक बनीं। यह मील का पत्थर आज भी भारतीय तैराकों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। एक खिलाड़ी का जीवन केवल पदकों से नहीं, बल्कि चोटों से उबरने के साहस से भी मापा जाता है। 2002 के आसपास निशा को पीठ की गंभीर चोट (सर्जरी की स्थिति) का सामना करना पड़ा। डॉक्टरों ने यहाँ तक कह दिया था कि शायद वे दोबारा प्रतिस्पर्धी तैराकी न कर सकें। लेकिन निशा ने हार नहीं मानी। कड़े अभ्यास, फिजियोथेरेपी और मानसिक मजबूती के बल पर उन्होंने पूल में वापसी की। हालांकि वे 2004 के ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाईं, लेकिन उनका हार न मानने वाला जज्बा काबिले तारीफ था। निशा मिलेट को उनकी उपलब्धियों के लिए भारत सरकार द्वारा अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। संन्यास लेने के बाद भी उनका पानी से नाता नहीं टूटा। उन्होंने 'निशा मिलेट स्विमिंग एकेडमी' की शुरुआत की, जहाँ वे नई पीढ़ी के तैराकों को प्रशिक्षित करती हैं। उनका उद्देश्य केवल चैंपियन बनाना नहीं, बल्कि बच्चों में खेल के प्रति प्रेम जगाना और उन्हें अनुशासित बनाना है।

जीवन ऊर्जा

हेनरिक इब्सन : जन्म - 20 मार्च 1828 | जन्म

**हेनरिक इब्सन का जन्म 20 मार्च 1828 को नॉर्वे में हुआ और उनका निधन 23 मई 1906 को हुआ। वे आधुनिक नाटक के जनक माने जाते हैं। उन्होंने अपने नाटकों में समाज की कुरीतियों, नैतिकता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उनकी प्रसिद्ध कृतियों में ए डॉल्स हाउस और घोस्ट्स शामिल हैं, जिन्होंने विश्व रंगमंच को नई दिशा दी ।**

# अपने अंदर झांकना सबसे कठिन काम है

बहुमत हमेशा सही नहीं होता। सशक्त व्यक्ति वह है जो अकेले खड़ा हो सके। स्वतंत्रता का अर्थ जिम्मेदारी है। समाज व्यक्ति को बनाता है पर व्यक्ति भी समाज को बदल सकता है। सत्य अक्सर असुविधाजनक होता है।

जो प्रश्न नहीं करता वह आगे नहीं बढ़ता। जीवन संघर्ष का दूसरा नाम है। आत्मसम्मान सबसे बड़ा धन है। साहस वही है जो डर के बावजूद आगे बढ़े। झूठ की उम्र लंबी नहीं होती। विचारों की स्वतंत्रता जरूरी है। बदलाव ही जीवन का नियम है। अपने अंदर झांकना सबसे कठिन काम है। जो गलत है उसका विरोध जरूरी



है। डर इंसान को कमजोर बनाता है। सत्य की राह कठिन होती है। हर व्यक्ति अपनी कहानी खुद लिखता है। समाज की बेड़ियों को तोड़ना जरूरी है।

बिना संघर्ष के सफलता नहीं मिलती। आत्मविश्वास सफलता की कुंजी है। सच्चाई कभी छिप नहीं सकती। जो सही है वही करो। समय के साथ चलना जरूरी है। विचार ही इंसान को महान बनाते हैं। असफलता सफलता की पहली सीढ़ी है।

अपने निर्णय खुद लेना सीखो। हर इंसान में क्षमता होती है। दुनिया बदलने के लिए पहले खुद बदलो। ज्ञान सबसे बड़ी शक्ति है। सच्चा व्यक्ति वही है जो ईमानदार हो। सपने देखो और उन्हें पूरा करो। डर से भागो मत उसका सामना करो। जीवन में संतुलन जरूरी है। सच्ची खुशी भीतर से आती है। अपने सिद्धांतों पर अडिग रहो।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्यप्रदेश



# चिलम से सुराही तक का जीवन-दर्शन

मानव जीवन का संपूर्ण आधार उसके विचार हैं। महान दार्शनिकों और मनीषियों ने सदैव इस बात पर बल दिया है कि मनुष्य वैसा ही बनता है, जैसा वह निरंतर सोचता है। एक अत्यंत सरल किंतु मर्मस्पर्शी लोककथा, जिसमें एक कुम्हार, उसकी पत्नी और मिट्टी के बीच का संवाद है, हमें जीवन के एक बहुत गहरे सत्य से परिचित कराती है। यह कहानी केवल मिट्टी के पात्र बदलने की नहीं, बल्कि हमारे दृष्टिकोण, अस्तित्व के उद्देश्य और आत्मा के



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

स्वरूप को बदलने की प्रेरणा देती है। कहानी की शुरुआत एक कुम्हार से होती है, जो बड़े चाव से मिट्टी को आकार दे रहा था। वह चिलम बना रहा था—एक ऐसी वस्तु जो स्वयं आग से भरती है और दूसरों को भी धुएं तथा जलन के मार्ग पर ले जाती है। कुम्हार को लगा कि बाजार में इसकी मांग अधिक है, इसलिए लाभ कमाने के लिए यही सही चुनाव है। तभी उसकी पत्नी ने आकर एक अत्यंत व्यावहारिक और दूरदर्शी सुझाव दिया कि गर्मी का मौसम आ रहा है, इसलिए चिलम की जगह सुराही बनाना अधिक श्रेयस्कर होगा क्योंकि लोग ठंडे पानी के लिए इसे खोजेंगे। पत्नी का यह सुझाव केवल एक व्यावसायिक सलाह नहीं थी, बल्कि एक ऐसा कल्याणकारी विचार था जिसने विनाशकारी वस्तु के स्थान पर सृजनात्मक वस्तु के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया।

कुम्हार को यह बात जंच गई और उसने मिट्टी को फिर से गूंथकर उसे सुराही का सुंदर आकार देना शुरू किया। इसी प्रक्रिया के बीच मिट्टी से एक विस्मयकारी आवाज आई। मिट्टी ने पूछा कि पहले तो कुछ और बन रहा था, अब अचानक रूप क्यों बदल दिया गया? कुम्हार ने बड़ी सहजता से उत्तर दिया कि उसका विचार बदल गया है। इस पर मिट्टी ने जो मार्मिक उत्तर दिया, वह इस पूरे वृत्तांत का सार है। मिट्टी बोली कि तुम्हारा तो सिर्फ विचार बदला, पर मेरा तो पूरा जीवन ही बदल गया। मिट्टी ने विस्तार से समझाया कि यदि वह चिलम बनती, तो उसमें आग भरी जाती, जिससे वह स्वयं भी जलती और



दूसरों को भी जलाती। लेकिन अब सुराही बनकर वह स्वयं भी शीतल रहेगी और दूसरों की प्यास बुझाकर उन्हें भी परम शांति प्रदान करेगी।

यह संवाद हमारे वास्तविक जीवन का सजीव प्रतिबिंब है। हमारे विचार ही वह अदृश्य सांचा हैं जिसमें हमारा पूरा व्यक्तित्व ढलता है। यदि हमारे मन में ईर्ष्या, क्रोध, प्रतिशोध और स्वार्थ के विचार प्रधान हैं, तो हम अनजाने में उस चिलम की भांति बन जाते हैं जो भीतर ही भीतर नकारात्मकता की आग में सुलगती रहती है। ऐसे विचार न केवल हमारी अपनी मानसिक शांति और स्वास्थ्य को नष्ट करते हैं, बल्कि हमारे संपर्क में आने वाले समाज में भी कड़वाहट और तनाव का प्रसार करते हैं। इसके विपरीत, यदि हमारे विचार प्रेम, करुणा, सेवा और परोपकार से ओत-प्रोत हैं, तो हम सुराही के समान बन जाते हैं। सुराही बनने का वास्तविक अर्थ है स्वयं को ज्ञान, धैर्य और संतोष की शीतलता से भरना, जिससे हमारे आसपास का वातावरण भी सुखद और शांत हो जाए।

जीवन में मिलने वाली सफलता और विफलता काफी हद तक हमारे 'भाव' पर निर्भर करती है। यदि हमारी सोच संकुचित और केवल स्वयं तक सीमित है, तो हमारा भविष्य भी अंधकारमय होगा। लेकिन यदि हम अपने विचारों में सकारात्मक बदलाव लाते हैं, तो हम न केवल स्वयं के लिए उपयोगी बनते हैं, बल्कि समाज के लिए भी एक प्रकाश पुंज सिद्ध होते हैं। कुम्हार के मात्र एक विचार बदलने से मिट्टी का भविष्य 'जलन' से बदलकर 'शीतलता' में परिवर्तित हो गया। ठीक इसी तरह, जब हम अपने भीतर के नकारात्मक संस्कारों को त्यागकर ऊंचे और पवित्र लक्ष्यों की ओर कदम बढ़ाते हैं, तो हमारा पूरा अस्तित्व गौरवमयी हो जाता है।

अपने विचार

विचारधारा के सामने उम्मीदवार से क्या लेना-देना मान-सम्मान (कांग्रेस को) तो सही में नहीं मिला। यह चुनाव विपक्ष के नेतृत्व के अंहकार के कारण हारा गया है, दूसरा कोई कारण नहीं है। बीजेपी इस चुनाव में विपक्ष को नहीं हरा सकती थी।



**पप्पू यादव**
सांसद, कांग्रेस

उन्होंने इतिहास और राजनीति का अध्ययन करने के बाद यह निष्कर्ष निकाला है कि आज देश में जो भी समस्याएं दिख रही हैं, उनकी जड़ में कांग्रेस और नेहरू-गांधी परिवार है। इसी आधार पर उन्होंने सोशल मीडिया पर "कांग्रेस का काला अध्याय" नाम से एक श्रृंखला शुरू की है।



**निशिकांत दुबे**
सांसद, भाजपा

अगर मैं अपने मित्र को उसी 'शादी' वाली भाषा में जवाब दूं, तो मैं कहना चाहूंगा कि कांग्रेस के साथ मेरी 'शादी; एक जबरदस्ती की शादी (Forced marriage) थी, लेकिन मुझे उनसे 'तलाक' लेना पड़ा क्योंकि इस रिश्ता प्रताड़नापूर्ण था।



**एच. डी . देवगौड़ा**
भूतपूर्व प्रधानमंत्री

आत्मसम्मान रखने वाला कोई भी व्यक्ति वहां नहीं रह सकता। भाजपा आगे भी कांग्रेस के नेताओं को अपने साथ जोड़ने का प्रयास करेगी। स्वाभिमान वाले किसी भी व्यक्ति के लिए कांग्रेस पार्टी में बने रहने का कोई कारण नहीं है। हमारा लक्ष्य और भी कांग्रेस नेताओं को पार्टी में लाना है।



**हेमंता विस्वा सरमा**
सीएम,असम

**अपने विचार**
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार).

## ब्रीफ न्यूज़

### 'शिवयुग वीरता' प्रदर्शनी का तीन दिवसीय आयोजन

उल्हासनगर। उल्हासनगर में छत्रपति शिवाजी महाराज के गौरवशाली इतिहास और स्वराज की गाथा को दर्शाने वाली 'शिवयुग वीरता' प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया है। इस प्रदर्शनी में इतिहास, वीरता और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा, जो नागरिकों और खासकर युवाओं को प्रेरित करेगा। यह प्रदर्शनी विट्ठलवाड़ी स्टेशन रोड स्थित वेदांता कॉलेज परिसर में 20, 21 और 22 मार्च को आयोजित की जा रही है। तीनों दिन यह सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक आम नागरिकों के लिए निःशुल्क खुली रहेगी, जिससे अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। इस विशेष आयोजन की पहल पूर्व शिवसेना प्रमुख और नगरसेवक राजेंद्र चौधरी ने की है। शिवसेना शहर शाखा के सहयोग से आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्देश्य लोगों को शिवकालीन इतिहास से जोड़ना और स्वराज की भावना को जीवंत करना है। प्रदर्शनी में शिवाजी महाराज की युद्ध रणनीति में उपयोग किए गए हथियारों की प्रतिकृतियां, अभेद्य किलों के मॉडल और उस समय की मुद्रा प्रणाली को दर्शाने वाले दुर्लभ सिक्के प्रमुख आकर्षण होंगे। ये सभी प्रदर्शन शिवकालीन जीवन और युद्ध कौशल की झलक प्रस्तुत करेंगे।

### पनवेल से भाजपा कार्यकर्ता केरल प्रचार के लिए रवाना

पनवेलः पनवेल से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और कुछ पदाधिकारी केरल में चुनाव प्रचार के लिए रवाना हुए हैं। बताया जा रहा है कि केरल में भाजपा की स्थिति मजबूत करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। मुंबई महानगर क्षेत्र की जिन नगरपालिकाओं में भाजपा की मजबूत पकड़ है, वहां के प्रतिनिधियों को समर्थकों के साथ केरल जाकर प्रचार करने के निर्देश दिए गए हैं। पनवेल महापालिका चुनाव के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री सुरेश गोपी ने पनवेल में भाजपा उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया था। अब इसे 'रिटर्न गिफ्ट' के तौर पर पनवेल के भाजपा विधायक प्रशांत ठाकुर ने अपने समर्थकों की टीम केरल भेजी है। जानकारी के अनुसार, 50 से अधिक कार्यकर्ताओं का दल केरल में प्रचार कर रहा है, जिसमें नगरसेवक संतोष शेट्टी को विशेष जिम्मेदारी दी गई है। पनवेल में विभिन्न राज्यों के लोग बसे हुए हैं, जिनमें केरल से आए नागरिकों की संख्या भी अच्छी-खासी है। इसी आधार पर कार्यकर्ता केरल में अपने रिश्तेदारों और परिचितों से संपर्क कर भाजपा की योजनाओं और कार्यों का प्रचार कर रहे हैं। वे वहां सभाओं में भी सक्रिय रूप से हिस्सा ले रहे हैं।

# 15 साल बाद मिला न्याय

**▸▸ बॉम्बे हाई कोर्ट ने ट्रेन हादसे के पीड़ितों को 8-8 लाख मुआवजा देने का दिया आदेश**
**▸▸ रेलवे क्लेम ट्रिब्यूनल का 'ट्रेस्पासिंग' वाला तर्क खारिज**

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने लोकल ट्रेन से गिरकर हुई दो अलग-अलग मौतों के मामलों में रेलवे क्लेम ट्रिब्यूनल के फैसलों को रद्द करते हुए मृतकों के परिजनों को राहत दी है। अदालत ने मृतक महिला की बेटी और मृतक पुरुष की विधवा को ब्याज सहित 8-8 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया।



### श्यामल साल्वी मामले में भी राहत

इसी तरह श्यामल सचिन साल्वी के मामले में उनकी बेटी रजनी रविंद्र पोल की याचिका को भी स्वीकार किया गया। अदालत ने कहा कि केवल चोट के आधार पर यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता कि मृतक ट्रैक पार कर रहा था। साल्वी के पास वैध सीजन पास था और उनकी मौत ट्रेन से गिरने के कारण हुई मानी गई। अदालत ने 12 सप्ताह के भीतर मुआवजा देने का निर्देश दिया।

### 'यात्री नहीं' मानने का तर्क खारिज

न्यायमूर्ति जितेंद्र जैन की एकल पीठ ने कहा कि रेलवे द्वारा यह साबित नहीं किया जा सका कि मृतक अनाधिकृत रूप से ट्रैक पार कर रहे थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मृत्यु प्रमाण पत्र केवल चोट और मृत्यु का कारण बताते हैं, लेकिन यह नहीं दर्शाते कि हादसा ट्रेसपासिंग के कारण हुआ था। ऐसे में ट्रिब्यूनल का यह निष्कर्ष गलत माना गया।

### कोरिना डिसूजा मामले में अहम टिप्पणी

कोरिना वैलेंटिना डिसूजा की याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने माना कि मृतक के पिता द्वारा पुलिस को दिया गया प्रारंभिक बयान महत्वपूर्ण साक्ष्य है। ट्रिब्यूनल ने 2014 में इस मामले को 'अतिक्रमण' बताकर खारिज कर दिया था, जबकि अदालत ने इसे ट्रेन से गिरने की दुर्घटना माना और मुआवजे का हकदार बताया।

# डोंबिवली में गुड़ी पड़वा पर भव्य नववर्ष यात्रा

**▸▸ 150 फीट ऊंची गुड़ी बनी आकर्षण**

डीबीडी संवाददाता | डोंबिवली

गुड़ी पड़वा पर्व पर डोंबिवली में आयोजित नववर्ष स्वागत यात्रा इस वर्ष अपने 28वें संस्करण में पहुंच गई। इस भव्य आयोजन का उद्देश्य हिंदू नववर्ष का स्वागत करना और नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ना रहा, जिसकी शुरुआत श्री गणेश मंदिर संस्थान द्वारा की गई थी। इस बार नेहरू मैदान में 150 फीट ऊंची भव्य गुड़ी स्थापित की गई, जो पूरे आयोजन का मुख्य आकर्षण रही। महाराष्ट्र भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने इसे हिंदुत्व और समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक बताते हुए कहा कि इस पर हर डोंबिवलीकर को गर्व है। इस आयोजन की संकल्पना का श्रेय भाजपा और संघ परिवार से जुड़े स्थानीय कार्यकर्ताओं आबासाहेब पटवारी और सुधीर जोगळेकर को दिया गया। उनके प्रयासों से यह आयोजन वर्षों से निरंतर भव्यता के साथ आयोजित हो रहा है।

### झांकियों ने खींचा लोगों का ध्यान



इस वर्ष की शोभायात्रा में 'वंदे मातरम्' के 150वें वर्ष और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100वें वर्ष पर आधारित विशेष झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इन झांकियों ने न केवल सांस्कृतिक विरासत, बल्कि राष्ट्रभक्ति की भावना को भी प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। 'देशभक्ति के विविध रूप' थीम पर आयोजित कार्यक्रमों में 'क्रांतिकारी देशसेवक' वेशभूषा प्रतियोगिता में 5 साल के बच्चों से लेकर 75 साल तक के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के विजेता को 25,000 रुपये और उपविजेता को 15,000 रुपये नकद पुरस्कार सहित अन्य सम्मान प्रदान किए गए।

# धर्मवीर के नाम से पहचाना जाएगा ठाणे-मुलुंड के नए स्टेशन का नाम

**▸▸ जनरल मीटिंग में सर्वसम्मति से पास हुआ प्रस्ताव**

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे और मुलुंड के बीच बनने वाले नए रेलवे स्टेशन को लेकर एक बड़ा फैसला लिया गया है। ठाणे महानगरपालिका की जनरल मीटिंग में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया कि इस नए स्टेशन का नाम ठाणे के जननायक 'धर्मवीर आनंद दिघे' के नाम पर रखा जाएगा।

### 250 करोड़ की बचत

शुरुआती योजना के अनुसार, इस नए स्टेशन का खर्च (करीब 250 करोड़ रुपये) स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत रेलवे और ठाणे मनपा को मिलकर उठाना था। लेकिन कोविड के बाद मनपा की आर्थिक स्थिति को देखते हुए उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, सांसद श्रीकांत शिंदे और नरेश म्हस्के ने केंद्र सरकार से लगातार पैरवी की। अंततः रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव इस बात पर सहमत हो गए कि इसका पूरा खर्च रेलवे बोर्ड उठाएगा।

### ठाणे स्टेशन की 'भीड़' का इलाज



ठाणे रेलवे स्टेशन फिलहाल देश के सबसे व्यस्त स्टेशनों में से एक है। ठाणे और मुलुंड के बीच इस नए स्टेशन के बनने से यात्रियों का लोड बंट जाएगा। घोड़बंदर रोड, वागले एस्टेट और मुलुंड चेक नाका के पास रहने वाले लाखों यात्रियों को अब ठाणे स्टेशन तक लंबा सफर तय नहीं करना पड़ेगा, जिससे उनका समय और पैसा दोनों बचेगा।

### 'धर्मवीर' के नाम पर मुहर

सांसद नरेश म्हस्के ने संसद (पार्लियामेंट) में पुरजोर मांग की थी कि ठाणे की अस्मिता से जुड़े नेता आनंद दिघे के नाम पर इस स्टेशन का नाम रखा जाए। बुधवार को ठाणे मनपा की जनरल असेंबली में इस प्रस्ताव को बिना किसी विरोध के सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई। अब यह प्रस्ताव औपचारिक रूप से रेलवे बोर्ड और गृह मंत्रालय को भेजा जाएगा।

### दिल्ली से ठाणे तक का फॉलोअप

इस प्रोजेक्ट को मंजूरी दिलाने के लिए दिल्ली में कई उच्च स्तरीय बैठकें हुईं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने खुद एकनाथ शिंदे को फोन कर इसकी जानकारी दी थी। इसी के चलते बुधवार की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और महाराष्ट्र के नेतृत्व को बधाई देने वाला धन्यवाद प्रस्ताव भी पेश किया गया।

# चेटीचंड महापर्व पर बाइक रैली हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

सिंधी समाज के नववर्ष चेटीचंड महापर्व के अवसर पर 19 मार्च 2026 को शहर में भव्य मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस महा बाइक रैली में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे शहर में उत्सव एवं आस्था का माहौल देखने को मिला।

### भाऊ लीलाराम साहिब के हाथों हुआ शुभारंभ

रैली की शुरुआत कैम्प-1 स्थित रीजेंसी एंटीलिया परिसर से सुबह 9 बजे भाऊ लीलाराम साहिब के हाथों बहराणा साहिब के साथ हुई। इसके बाद रैली एक नंबर बस स्टॉप, गोल मैदान, नेहरू चौक, शिवाजी चौक, 17 सेक्शन, श्रीराम चौक, चार नंबर ओटी सेक्शन, नेताजी चौक, हिल लाइन पुलिस स्टेशन और चालिहा मंदिर मार्ग से होते हुए कैलाश कॉलोनी, उल्हासनगर-5 स्थित जय झूलेलाल प्रवेश द्वार तक पहुंची।

### समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता



रैली के समापन के बाद भजन संध्या का आयोजन किया गया, जहां सैकड़ों श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूम उठे। रैली जहां-जहां से गुजरी, वहां "जय झूलेलाल" के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। इस दौरान सिंधी समाज की आस्था के साथ महाराष्ट्र की विलुप्त होती सांस्कृतिक कला की झलक भी देखने को मिली। इस रैली में साईं वसण शाह दरबार के छोटू साईं, महापौर अश्विनी निकम, उपमहापौर अमर लुंड, पूर्व विधायक पप्पू कालानी, बिल्डर महेश अग्रवाल, बंटी कुरसेजा, उदव रूपचंदानी, जमनू पुरस्वानी, दीपक वाटवानी ग्रुप और राजू जग्यासी ग्रुप सहित कई सामाजिक संगठनों और एनजीओ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रैली का आयोजन समिति के सदस्य महेश सुखरामानी, भारत राजवानी (गंगोत्री), शंकर नागरानी, हीरो बोधा, अनिल बठिजा, महेश मूलचंदानी, सोनू विशनानी, जयराम खत्री और राजेश अमरनानी की देखरेख में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

# ठाणे की सड़कों पर उतरा सांस्कृतिक गौरव

## ढोल-नगाड़ों और भगवा झंडों के बीच नववर्ष का स्वागत

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

शहर में गुड़ी पड़वा और हिंदू नववर्ष का उत्साह अपनी चरम सीमा पर देखा गया। पारंपरिक वेशभूषा, ढोल-ताशों की गूंज और सांस्कृतिक गौरव के बीच ठाणेकरों ने नववर्ष का स्वागत किया। इस अवसर पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्य की खुशहाली और विकास का नया संकल्प दोहराया।उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने ठाणे में गुड़ी पड़वा के मौके पर राज्य की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा असली काम महाराष्ट्र के हर घर में तरक्की और विकास की गुड़ी लगाना है। उन्होंने किसानों, युवाओं और महिलाओं के जीवन में स्थिरता और आत्मविश्वास लाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

### चित्ररथों के जरिए सामाजिक संदेश



कोपिनेश्वर मंदिर नववर्ष स्वागत समिति द्वारा आयोजित परेड ठाणे की पहचान बन चुकी है। इस साल भी सड़कों पर ढोल-नगाड़ों की थाप, केसरिया झंडे और पारंपरिक नौवारी साड़ियों व फेटों में सजे नागरिकों का हुजूम उमड़ पड़ा। पूरा शहर सांस्कृतिक रंगों में सराबोर नजर आया। परेड का मुख्य आकर्षण विभिन्न स्कूलों, बैंकों और सामाजिक संस्थाओं द्वारा तैयार किए गए चित्ररथ थे। इन झांकियों ने केवल मनोरंजन नहीं किया, बल्कि अंगदान, पर्यावरण संरक्षण, आयुर्वेद, मानसिक स्वास्थ्य और संतुलित आहार जैसे गंभीर विषयों पर समाज को जागरूक करने का प्रभावी काम किया। जुलूस में नई पीढ़ी का जोश भी देखने लायक था। बच्चों और युवाओं द्वारा प्रस्तुत मल्लखंभ और विभिन्न शारीरिक व्यायामों के साहसिक प्रदर्शन ने दर्शकों को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। यह पारंपरिक कला और आधुनिक ऊर्जा का एक सुंदर मेल था।

# ब्रिटिश काल के 4,000 स्टॉल धारकों रोज़गार पर संकट

**▸▸ विधायक संजय केलकर ने सुरक्षा की मांग की**

डीबीडी संवाददाता | मुंबई/ठाणे

मुंबई के ब्रिटिश कालीन 4,000 स्टॉल धारकों के भविष्य पर मंडरा रहे संकट को लेकर ठाणे के भाजपा विधायक संजय केलकर ने विधानसभा में आवाज उठाई है। उन्होंने मुंबई महानगरपालिका के उस प्रस्ताव का विरोध किया है जिसमें इन पुश्तैनी स्टॉल धारकों को 'हॉकर्स' (फेरीवाला) घोषित करने की तैयारी की जा रही है। मुंबई की सड़कों पर करीब 4,000 ऐसे स्टॉल हैं जो ब्रिटिश काल से चले आ रहे हैं। ये दुकानदार दशकों से बीएमसी को नियमित फीस और टैक्स देकर अपना व्यापार कर रहे हैं। इन स्टॉल्स से हज़ारों परिवारों का गुज़ारा जुड़ा हुआ है, जो अब बीएमसी की नई नीतियों के कारण खतरे में है।



### केलकर की मुख्य मांग

भाजपा विधायक ने सरकार से मांग की है कि इन स्टॉल धारकों से उचित और निर्धारित फीस ली जाए और उनके लिए एक विशेष स्कीम (SOP) बनाकर उन्हें कानूनी सुरक्षा दी जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन के ढुलमुल रवैये के कारण ये परिवार भुखमरी की कगार पर पहुँच रहे हैं, जिन्हें बचाना सरकार की जिम्मेदारी है।

### लाइसेंस ट्रांसफर और खरीद-बिक्री पर रोक

बीएमसी के मौजूदा रुख के कारण इन स्टॉल धारकों के लाइसेंस ट्रांसफर (नाम बदलना) और स्टॉल की खरीद-बिक्री पर रोक लगा दी गई है। इससे उन परिवारों के सामने बड़ी मुसीबत खड़ी हो गई है जिनके बुजुर्गों के नाम पर लाइसेंस थे और अब नई पीढ़ी उसे कानूनी रूप से अपने नाम नहीं करवा पा रही है।केलकर ने ध्यान दिलाया कि 'आदर्श बीएमसी स्टॉल लाइसेंस होल्डर्स यूनियन' पिछले 25 सालों से अपने हक की लड़ाई लड़ रही है। बीएमसी अधिकारियों के साथ कई दौर की बैठकें और रिप्रेजेंटेशन के बावजूद, इन दुकानदारों को सुरक्षा देने वाला कोई भी ठोस फैसला अब तक लागू नहीं हो सका है।

### हॉकर्स घोषित करने का विवाद

विधायक संजय केलकर ने सदन को बताया कि बीएमसी इन स्थायी स्टॉल धारकों को 'हॉकर्स' (फेरीवाला) की श्रेणी में डालने का प्रस्ताव लाई है। तकनीकी रूप से स्टॉल होल्डर्स और हॉकर्स की परिभाषा अलग-अलग होती है। उन्हें फेरीवाला घोषित करने का मतलब है कि उनके स्थायी वजूद और अधिकारों को कमतर करना।




# 12 राशिफल में देखें अपना दिन

प्रियंका जैन
97699 94439

**मेष** अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। नौकरी में अधिकार बढ़ेंगे। व्यावसायिक समस्या का हल निकलेगा। नई योजना में लाभ की संभावना है। घर में मांगलिक आयोजन हो सकते हैं। जीवनसाथी से संबंध घनिष्ठ होंगे। रोजगार मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**वृष** शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। मान बढ़ेगा। स्वजनों से मेल-मिलाप होगा। नौकरी में ऐच्छिक पदोन्नति की संभावना है। पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। किसी की आलोचना न करें। खानपान का ध्यान रखें। आर्थिक संपन्नता बढ़ेगी।

**मिथुन** गीत-संगीत में रुचि बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। पुराना रोग उभर सकता है। शोक समाचार मिल सकता है। भागदौड़ रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। अधूरे कामों में गति आएगी। व्यावसायिक गोपनीयता भंग न करें।

**कर्क** घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। धनलाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में उन्नति के योग हैं। वाणी पर संयम आवश्यक है। जीवनसाथी से मदद मिलेगी। सामाजिक यश-सम्मान बढ़ेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। यात्रा सफल रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** परिवार के सहयोग से दिन उत्साहपूर्ण व्यतीत होगा। योजनानुसार कार्य करने से लाभ की संभावना है। आर्थिक सुदृढ़ता रहेगी। धनार्जन होगा। संतान के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। बेचैनी दूर होगी। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी।

**कन्या** नए अनुबंध होंगे। नई योजना बनेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। कार्य में व्यय की अधिकता रहेगी। दांपत्य जीवन में भावनात्मक समस्याएँ रह सकती हैं। व्यापार में नए अनुबंध आज नहीं करें। राजमान प्राप्त होगा।

**तुला** व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। पारिवारिक उन्नति होगी। सुखद यात्रा के योग बनेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। स्वविवेक से कार्य करना लाभप्रद रहेगा।

**वृश्चिक** लाभ के अवसर मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। कुछ मानसिक अंतर्द्वंद्व पैदा होंगे। पारिवारिक उलझनों के कारण मानसिक कष्ट रहेगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। धैर्य एवं संयम रखकर काम करना होगा। यात्रा आज न करें।

**धनु** भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। बेरोजगारी दूर होगी। लाभ होगा। मान-प्रतिष्ठा में कमी आएगी। कामकाज में बाधाएं आ सकती हैं। कर्मचारियों पर व्यर्थ संदेह न करें। आर्थिक लाभ मिलने से एक्स्ट्रा खर्च उठा पाएंगे। शत्रु सक्रिय रहेंगे।

**मकर** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। राजकीय कार्य में परिवर्तन के योग बनेंगे। आलस्य का परित्याग करें। आपके कामों की लोग प्रशंसा करेंगे। व्यापार लाभप्रद रहेगा। नई कार्ययोजना के योग प्रबल हैं। ऐश्वर्य पर व्यय होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें।

**कुंभ** व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। कानूनी मामले सुधरेंगे। धन का प्रबंध करने में कठिनाई आ सकती है। आहार की अनियमितता से बचें। व्यापार, नौकरी में उन्नति होगी। लेन-देन में सावधानी रखें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रखें।

**मीन** व्यापार-व्यवसाय सामान्य रहेगा। दूरदर्शिता एवं बुद्धि चातुर्य से कठिनाइयां दूर होंगी। राज्य तथा व्यवसाय में सफलता मिलने के योग हैं। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। पुराना रोग उभर सकता है। चोट व दुर्घटना से बचें। वस्तुएं संभालकर रखें। बाकी सामान्य रहेगा।

# रविवार की ऊर्जा का रहस्य: कौन-से रंग बढ़ाते हैं तेज और कौन घटाते हैं भाग्य

वैदिक परंपरा में जीवन का हर छोटा-सा कार्य भी एक गहरे सिद्धांत से जुड़ा हुआ माना गया है। सप्ताह के सातों दिन केवल समय के खंड नहीं हैं, बल्कि वे विशेष ग्रहों की ऊर्जा से संचालित होते हैं, जो हमारे मन, शरीर और भाग्य पर सूक्ष्म प्रभाव डालते हैं। इसी आधार पर रंगों का चयन भी अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। विशेष रूप से रविवार का दिन, जो Surya Dev को समर्पित है, अपने भीतर अपार ऊर्जा, तेज और आत्मबल का प्रतीक है। इस दिन पहने जाने वाले वस्त्रों के रंग न केवल बाहरी व्यक्तित्व को प्रभावित करते हैं, बल्कि आंतरिक ऊर्जा और मानसिक स्थिति पर भी गहरा प्रभाव डालते हैं। सूर्य देव को सृष्टि का आधार माना गया है। वे प्रकाश, जीवन, आत्मविश्वास और नेतृत्व के प्रतीक हैं। वैदिक ज्योतिष में सूर्य को आत्मा का कारक ग्रह कहा गया है, जो व्यक्ति के आत्मबल, प्रतिष्ठा और सफलता को नियंत्रित करता है। जब कोई व्यक्ति रविवार के दिन सूर्य की अनुकूल ऊर्जा के साथ तालमेल




प्रियंका जैन
97699 94439

बनाता है, तो उसका प्रभाव उसके व्यवहार, निर्णय क्षमता और जीवन की दिशा में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। यही कारण है कि इस दिन रंगों का चयन केवल फैशन नहीं, बल्कि एक सूक्ष्म आध्यात्मिक प्रक्रिया बन जाता है। रविवार को लाल, नारंगी और सुनहरे रंग को अत्यंत शुभ माना गया है। ये रंग सूर्य के तेज, ऊष्मा और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतिनिधित्व करते हैं। जब कोई व्यक्ति इन रंगों के वस्त्र धारण करता है, तो उसके भीतर एक प्रकार की ऊर्जा और उत्साह का संचार होता है। आत्मविश्वास बढ़ता है, मन में स्पष्टता आती है और व्यक्ति अपने कार्यों को अधिक प्रभावशाली ढंग से कर पाता है। यह केवल आस्था का विषय नहीं है, बल्कि मनोवैज्ञानिक दृष्टि से भी यह सत्य है कि उज्ज्वल और गर्म रंग व्यक्ति के मनोबल को ऊँचा उठाते हैं। इसके विपरीत कुछ ऐसे रंग भी हैं, जिनसे रविवार के दिन बचने की सलाह दी जाती है। काला रंग, जो सामान्यतः गंभीरता और रहस्य का प्रतीक माना जाता है, इस दिन विशेष रूप से वर्जित माना गया है। इसका कारण यह है कि काला रंग Shani Dev से जुड़ा हुआ है, और शनि तथा सूर्य के बीच ज्योतिषीय दृष्टि से विरोध का संबंध माना जाता है। जब कोई व्यक्ति रविवार को काले रंग के वस्त्र पहनता है, तो यह सूर्य की सकारात्मक ऊर्जा के विपरीत प्रभाव उत्पन्न कर सकता है। इससे मन में भारीपन, आलस्य और नकारात्मकता बढ़ सकती है। कार्यों में बाधाएँ आ सकती हैं और व्यक्ति का आत्मविश्वास भी प्रभावित हो सकता है।

इसी प्रकार नीला रंग भी रविवार के लिए उपयुक्त नहीं माना जाता। यह रंग भी शनि और राहु के प्रभाव से जुड़ा होता है, जो सूर्य की तेजस्वी ऊर्जा को कमजोर कर सकता है। जब व्यक्ति इस दिन नीले रंग के वस्त्र पहनता है, तो उसके निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित हो सकती है और मन में असमंजस या भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। धीरे-धीरे यह स्थिति व्यक्ति के कार्यों और संबंधों पर भी प्रभाव डालने लगती है।

ग्रे या गहरे भूरे रंग को भी रविवार के दिन पहनने से बचने की सलाह दी जाती है। ये रंग सामान्यतः उदासी, स्थिरता और निष्क्रियता का प्रतीक माने जाते हैं। सूर्य का स्वभाव इसके बिल्कुल विपरीत है—वह गतिशील, ऊर्जावान और प्रकाशमान है। जब कोई व्यक्ति ऐसे रंगों का चयन करता है, तो वह अनजाने में ही अपनी ऊर्जा को कम कर देता है। इससे मन में उत्साह की कमी, काम में रुचि का अभाव और जीवन के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हो सकता है।

**न्यूज़ ब्रीफ**

## नवसंवत्सर : सरयू तट पर उदीयमान सूर्य को दिया अर्घ्य

**अयोध्या।** विक्रम संवत 2083 के आरंभ और चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के पावन अवसर पर गुरुवार सुबह अयोध्या के सरयू तट पर आस्था का भव्य दृश्य देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर नवसंवत्सर का स्वागत किया। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अवध प्रांत के प्रांत प्रचारक कौशल, नगर निगम के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी और सरयू आरती संयोजक महंत शशिकांत दास विशेष रूप से मौजूद रहे। वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के बीच वातावरण पूर्णत: आध्यात्मिक रंग में रंगा रहा।

## इंदौर अग्निकांड: पीड़ितों को दो-दो लाख देगी बिहार सरकार

**पटना।** प्रधान डाकघर को बुधवार सुबह धमकी भरा ईमेल मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड ने मौके पर पहुंचकर परिसर खाली कराया और सघन तलाशी अभियान चलाया। पोस्टमास्टर सुरेंद्र कुमार चौबे के मुताबिक, करीब 11 बजे ईमेल मिला था। सीओ सिटी सौरभ सामंत के नेतृत्व में टीम ने लगभग डेढ़ घंटे तक जांच की, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। पुलिस ने स्थिति सामान्य बताते हुए जांच जारी रखने की बात कही।

## मल्टी टास्क वर्कर्स के लिए बनेगी नई नीति

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार मल्टी टास्क वर्करों के लिए नई नीति तैयार करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि इस संबंध में कानूनी राय ली जा रही है और जल्द ही ठोस निर्णय लिया जाएगा। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि पूर्व सरकार की नीति के तहत इन कर्मियों का मानदेय बढ़ाकर वर्तमान में 5500 रुपये किया गया है। सरकार अब इनके हितों को ध्यान में रखते हुए नई व्यवस्था पर काम कर रही है। इसी दौरान मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2025 में किसानों से जुड़े 12 धोखाधड़ी के मामले दर्ज हुए।

### अयोध्या में नव संवत्सर पर ऐतिहासिक अनुष्ठान, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया पूजन-अर्चन

# गर्भगृह में 'श्रीराम यंत्र' स्थापित

- राष्ट्रपति के आगमन पर अयोध्या में दिखा उत्सव जैसा माहौल
- एयरपोर्ट से लेकर राम मंदिर तक चहुंओर लहराई ध्वज पताका

**एजेंसी | अयोध्या**

चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन गुरुवार को अयोध्या में धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक वैभव का अद्वितीय संगम देखने को मिला, जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में विधिवत 'श्रीराम यंत्र' की स्थापना की। अभिजीत मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यह स्थापना मंदिर के द्वितीय तल स्थित गर्भगृह में सम्पन्न हुई। राष्ट्रपति के अयोध्या आगमन पर महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया।



### महापौर ने सौंपी अयोध्या नगरी की चाबी

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहे। नगर आगमन पर महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने राष्ट्रपति को 'नगर की चाबी' भेंट कर पारंपरिक सम्मान प्रदान किया। एयरपोर्ट से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तक का मार्ग उत्सवी रंग में रंगा नजर आया। रास्ते में बनाए गए लगभग 20 सांस्कृतिक मंचों पर 250 से अधिक कलाकारों ने रामायण आधारित प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

### अयोध्यावासियों ने रास्तेभर की पुष्पवर्षा

राष्ट्रपति के स्वागत में अयोध्यावासियों ने मार्ग के दोनों ओर खड़े होकर पुष्प वर्षा की और जयघोष से वातावरण गुंजायमान कर दिया। जवाब में राष्ट्रपति ने भी लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। पूरे शहर में श्रद्धा, उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा। मंदिर पहुंचने पर राष्ट्रपति ने सबसे पहले रामलला के दर्शन कर पूजा-अर्चना की, इसके बाद 'श्रीराम यंत्र' स्थापना की प्रक्रिया पूरी की गई। वैदिक गणित और ज्यामितीय संरचना पर आधारित यह यंत्र सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है।

# विधायक अनंत सिंह को पटना हाईकोर्ट से राहत

- दुलारचंद यादव हत्याकांड में अदालत ने दिया जमानत का आदेश
- एक नवंबर, 2025 को चुनाव प्रचार के दौरान हुई थी गिरफ्तारी

**एजेंसी | पटना**

दुलारचंद यादव हत्याकांड में मोकामा से जदयू विधायक अनंत सिंह को गुरुवार को पटना उच्च न्यायालय से राहत मिल गई। जस्टिस आर.पी. मिश्रा की एकल पीठ ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद उन्हें जमानत प्रदान करने का आदेश दिया। करीब साढ़े चार महीने से जेल में बंद अनंत सिंह के लिए इस फैसले के बाद रिहाई का रास्ता साफ हो गया है।

### जेल में रहकर विधायक बने अनंत सिंह

गौरतलब है कि जेल में रहते हुए ही अनंत सिंह ने जदयू प्रत्याशी के रूप में मोकामा विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। इसके बाद उन्हें शपथग्रहण और हालिया राज्यसभा चुनाव में मतदान के लिए अस्थायी जमानत भी मिल चुकी थी। अदालत के आदेश की प्रति शुक्रवार या शनिवार तक जेल प्रशासन को मिलने की संभावना है, जिसके बाद उनकी रिहाई हो सकती है। अनंत सिंह मोकामा से पांचवीं बार विधायक चुने गए हैं और क्षेत्र में 'छोटे सरकार' के नाम से भी पहचाने जाते हैं।

# दर्जनभर जनपदों में आंधी-बारिश का अलर्ट

- 19 जनपदों में 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलेंगी हवाएं
- चेतावनी जारी, 22 मार्च तक मौसम दिखाएगा अपना असर

**एजेंसी | पटना**

बिहार में मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। मौसम विभाग ने 20 से 22 मार्च के बीच राज्य के विभिन्न हिस्सों में गरज-चमक, बारिश और तेज हवाओं को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। अगले 24 घंटे मौसम शुष्क रहने के साथ कुछ स्थानों पर हल्की गरज के आसार हैं। 20 मार्च से उत्तर और दक्षिण-पूर्वी बिहार के कई जिलों में आंधी-पानी का दौर शुरू होने की संभावना है।



### 21 मार्च को पूरे बिहार में रहेगा असर

विभाग के अनुसार शिवहर, सीतामढ़ी, वैशाली, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, मधुबनी और समस्तीपुर समेत 12 जिलों में गरज–चमक के साथ बारिश हो सकती है। वहीं करीब 19 जिलों में 40 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है।

### 15 जिलों के तापमान में गिरावट

इस बीच, गुरुवार को पटना समेत 15 जिलों के अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान 1.5 डिग्री गिरकर 33.9 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि भभुआ (कैमूर) में 36.4 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश का सर्वाधिक तापमान दर्ज किया गया। नालंदा में 26 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं।

**प्रमुख शहरों का तापमान (डिग्री सेल्सियस)**

पटनाः 33.9 / 23.0
गयाः 35.2 / 18.8
भागलपुरः 32.0 / 21.2
मुजफ्फरपुरः 32.0 / 21.2

### 21 मार्च: बिहार में येलो अलर्ट

21 मार्च को पूरे बिहार में मौसम के बिगड़ने की चेतावनी है। सभी 38 जिलों में गरज–चमक, तेज हवा और बारिश के आसार को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है। जबकि अन्य क्षेत्रों में मौसम अपेक्षाकृत शुष्क रह सकता है।

## टैंकर के नीचे फंसे बाइक सवार, तीन की मौत

**एजेंसी | कानपुर**

घाटमपुर थाना क्षेत्र में अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे बाइक सवार तीन युवकों की दूध से भरे टैंकर की टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक टैंकर छोड़कर फरार हो गया। घाटमपुर के नौबस्ता निवासी बुजुर्ग महिला प्रेमा देवी की लंबी बीमारी के चलते बुधवार को मौत हो गई थी। गुरुवार को उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए बलवान (35), उसका चचेरा भाई अजय (32) और सूरज (29) एक ही बाइक पर सवार होकर मूसानगर के यमुना घाट जा रहे थे। शाखा



जनवारा गांव के पास पहुंचते ही तेज रफ्तार दूध से भरे टैंकर ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर के बाद तीनों युवक टैंकर के नीचे फंस गए और करीब 70–80 मीटर तक घसीटते चले गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शवों को हाईवे पर रखकर प्रदर्शन किया, जिससे करीब 8 से 10 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। घाटमपुर एसीपी कृष्णकांत यादव ने बताया कि तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# भारत–चीन: लिपुलेख दर्रे से जल्द शुरू होगा व्यापार

- प्रशासन ने तैयारियां तेज कीं, जून से सितंबर तक चलेगा कारोबार

**एजेंसी | पिथौरागढ़**

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में लिपुलेख दर्रे के जरिए भारत–चीन सीमा व्यापार को वर्ष 2026 में फिर से शुरू करने की कवायद तेज हो गई है। प्रस्तावित व्यापार सत्र जून से सितंबर तक चलेगा, जिसके लिए प्रशासन ने तैयारियों को गति दे दी है।अधिकारियों को सड़क, संचार, बैंकिंग, सुरक्षा और आवासीय सुविधाएं समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। सीमांत क्षेत्रों में नेटवर्क सुदृढ़ करने और गुंजी में आवश्यक सुविधाएं विकसित करने को कहा गया है।




### मूलभूत सुविधाओं को समय से पूरा करने का फरमान

अधिकारियों को सड़क, संचार, बैंकिंग, सुरक्षा और आवासीय सुविधाएं समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। बीएसएनएल को सीमांत क्षेत्रों में नेटवर्क सुदृढ़ करने और गुंजी में आवश्यक सुविधाएं विकसित करने को कहा गया है। साथ ही, व्यापार संचालन के लिए स्थानीय स्तर पर संविदा कर्मियों की नियुक्ति और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

### लिपुलेक दर्रे से इन वस्तुओं का होगा व्यापार

सीमा व्यापार के तहत आयात में ऊन, पश्मीना, नमक, बोरेक्स, रेशम, मक्खन और याक से जुड़े उत्पाद शामिल होंगे, जबकि निर्यात में कपड़ा, कंबल, मसाले, आटा, सूखे मेवे, सब्जियां, तांबे के सामान, कृषि उपकरण, स्टेशनरी, जूते और वनस्पति तेल भेजे जाएंगे। पिछले सत्र में करीब 1.25 करोड़ रुपये का निर्यात और 1.90 करोड़ रुपये का आयात दर्ज किया गया था। बैठक में पुलिस अधीक्षक अक्षय कोंडे समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। मौसम अनुकूल रहा तो व्यापार अवधि बढ़ाने का प्रस्ताव भी भेजा जा सकता है।

## हिमपात से आधे मार्च में दिसंबर जैसी ठंड

**एजेंसी | शिमला**

हिमाचल प्रदेश में मौसम ने अचानक करवट लेकर मार्च में दिसंबर जैसी ठंड का अहसास करा दिया है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में लगातार बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी के चलते जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए भारी वर्षा, बर्फबारी, ओलावृष्टि और तेज हवाओं को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी कर सतर्कता बरतने की सलाह दी है। निचले इलाकों में हवा के साथ बारिश राजधानी शिमला समेत निचले इलाकों में ठंडी हवाओं के साथ बारिश जारी है, जबकि मनाली, केलांग और लाहौल-स्पीति के ऊंचे क्षेत्रों में ताजा बर्फबारी हुई है।

# हिमाचल विधानसभा आउटसोर्सिंग पर टकराव

- बजट सत्र के दौरान सत्ता-विपक्ष के बीच हुई तकरार

**एजेंसी | शिमला**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में गुरुवार को आउटसोर्स कर्मचारियों का मुद्दा गरमाया, जिस पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई। प्रश्नकाल के दौरान नियमितीकरण से जुड़े सवाल का स्पष्ट जवाब न मिलने पर विवाद और बढ़ गया। भाजपा विधायक दीपराम ने सरकार पर जवाब देने में देरी का आरोप लगाते हुए कहा कि एक वर्ष पूर्व पूछे गए प्रश्न का अब तक उत्तर नहीं मिला है।



### जयराम ठाकुर ने भर्ती प्रक्रिया पर उठाए सवाल

जयराम ठाकुर ने भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि आउटसोर्सिंग एजेंसियां सत्तारूढ़ दल से जुड़ी हैं और साक्षात्कार से पहले अभ्यर्थियों से धन वसूली की जा रही है। इन आरोपों पर मुख्यमंत्री ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यदि विपक्ष के पास ठोस साक्ष्य हैं तो उन्हें सार्वजनिक किया जाए।




# निवेशकों को 11.62 लाख करोड़ का फटका

- तीन दिन की तेजी के बाद जमीन पर शेयर बाजार
- कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और वैश्विक कमजोरी

**एजेंसी | नई दिल्ली**

लगातार तीन दिन की बढ़त के बाद घरेलू शेयर बाजार में गुरुवार को तेज गिरावट दर्ज की गई। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल, कमजोर वैश्विक संकेत और विदेशी निवेशकों की बिकवाली के दबाव में बाजार टूट गया। दिन के कारोबार में BSE Sensex 2,753 अंक तक लुढ़का, जबकि Nifty 50 847 अंक तक फिसला।



### चौतरफा हावी रही बिकवाली

बाजार में चौतरफा बिकवाली हावी रही। ऑटो, बैंकिंग, आईटी, मेटल और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर में 3% से 4% तक की गिरावट दर्ज की गई। मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स भी दबाव में रहे। तेज गिरावट के चलते निवेशकों की संपत्ति में करीब 11.62 लाख करोड़ रुपये की कमी आई। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल मार्केट कैप घटकर 427.38 लाख करोड़ रुपये रह गया। अंत में हल्की रिकवरी के बावजूद दोनों सूचकांक करीब 3.26% गिरकर बंद हुए।

### 4404 शेयर्स में हुई ट्रेडिंग

कारोबार के दौरान बीएसई में 4,404 शेयरों में ट्रेडिंग हुई, जिनमें अधिकांश गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स के सभी 30 और निफ्टी के 50 में से 49 शेयर लाल निशान में रहे। दिग्गज शेयरों में केवल ONGC ही बढ़त दर्ज कर सका, जबकि श्रीराम फाइनेंस, बजाज फाइनेंस और एचडीएफसी बैंक समेत कई प्रमुख शेयरों में भारी गिरावट रही। निफ्टी की यह गिरावट पिछले 21 महीनों में सबसे बड़ी रही।

## चेयरमैन के इस्तीफे के बाद 9% गिरे शेयर भाव

**एजेंसी | नई दिल्ली**

HDFC Bank के अंशकालिक चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती के इस्तीफे के बाद गुरुवार को बैंक के शेयरों में भारी गिरावट दर्ज की गई। कारोबार के दौरान शेयर करीब 9% तक लुढ़क गए, जिससे बैंक का मार्केट कैप करीब 65 हजार करोड़ रुपये घट गया। शेयर 52 सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंचने से निवेशकों में चिंता बढ़ गई है। चक्रवर्ती ने 18 मार्च को पद छोड़ते हुए संगठन के भीतर कार्यप्रणाली और कुछ घटनाओं को अपने नैतिक मूल्यों के विपरीत बताया। केकी मिस्त्री अस्थाई रूप से संभाला कार्यभार इस्तीफे के बाद बैंक ने केकी मिस्त्री को अस्थायी अंशकालिक चेयरमैन नियुक्त किया है।

# FII: पहले पखवाड़े में निकाले 53,700 करोड़ रुपये

- चालू माह में निवेशकों ने धड़ाधड़ की निकासी

**एजेंसी | नई दिल्ली**

वैश्विक अनिश्चितता और पश्चिम एशिया तनाव के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मार्च के पहले पखवाड़े में भारतीय शेयर बाजार से 53,700 करोड़ रुपये निकाल लिए। सबसे ज्यादा दबाव फाइनेंशियल सेक्टर पर रहा, जहां अकेले 31,831 करोड़ रुपये की बिकवाली दर्ज की गई।



### हेल्थकेयर, एफएमसीजी, आईटी सेक्टर पर दबाव

हेल्थकेयर, एफएमसीजी, रियल्टी और आईटी सेक्टर भी दबाव में रहे, जबकि सीमित तौर पर कैपिटल गुड्स, मेटल–माइनिंग, पावर और कंज्यूमर सर्विसेज में खरीदारी देखने को मिली। विशेषज्ञों के मुताबिक, बढ़ती बॉन्ड यील्ड, वैश्विक तनाव और सख्त वित्तीय नियमों के कारण एफआईआई जोखिम घटाने के मोड में हैं, जिससे बाजार में लगातार बिकवाली का दबाव बना हुआ है।

# एक दिन में 15000 रुपये लुढ़की चांदी

- 2.6 लाख प्रति किलो हुआ भाव, दिल्ली में 15.1 हजार की गिरावट

**एजेंसी | नई दिल्ली**

घरेलू सर्राफा बाजार में गुरुवार को चांदी की कीमतों में तेज गिरावट दर्ज की गई। हाजिर चांदी का भाव दिन के कारोबार में 15,000 रुपये से अधिक टूटकर करीब 2.60 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के आसपास आ गया। राजधानी दिल्ली में चांदी करीब 15,100 रुपये गिरकर 2,60,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। मुंबई, अहमदाबाद और कोलकाता में यह लगभग 2,59,800 रुपये, जबकि जयपुर, सूरत और पुणे में करीब 2,60,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर रही। चेन्नई में सबसे अधिक कीमत 2,65,000 रुपये प्रति किलोग्राम दर्ज की गई।




### कमजोर हुई सोना-चांदी की मांग

विशेषज्ञों के अनुसार, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बावजूद डॉलर की मजबूती और बॉन्ड यील्ड में उछाल से सोना–चांदी की मांग कमजोर पड़ी है। साथ ही वैश्विक स्तर पर सप्लाई बढ़ने से भी कीमतों पर दबाव बना है। बाजार जानकारों का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय अनिश्चितता के चलते बुलियन बाजार में आगे भी उतार–चढ़ाव जारी रह सकता है। इसमें 5,857 लॉट का कारोबार हुआ। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में चांदी के मई डिलीवरी अनुबंध की कीमत 0.30 प्रतिशत की हानि के साथ 79.68 डॉलर प्रति औंस रह गयी।

# इंडियन बैंक ने किया अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन

**एजेंसी | लखनऊ**

इंडियन बैंक द्वारा 12 मार्च 2026 को लखनऊ (उत्तर प्रदेश) में 'भारतीय बैंकिंग व्यवस्था में प्रौद्योगिकी–संचालित परिवर्तन की भावी संकल्पनाएँ' विषय पर अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में देशभर से बैंकिंग क्षेत्र के अधिकारी, प्रतिभागी, हिंदी निबंध प्रतियोगिता के प्रतिभागी और राजभाषा अधिकारी शामिल हुए। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री मालिनी अवस्थी उपस्थित रहीं, जबकि पद्मश्री डॉ. विद्या बिंदु सिंह और डॉ. छबिल कुमार मेहेर, उप निदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, उत्तर-II, भारत सरकार विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।




### वरिष्ठ अधिकारियों और प्रतिनिधियों की गरिमामयी मौजूदगी

इस अवसर पर वी. एन. माया (मुख्य महाप्रबंधक, कॉर्पोरेट कार्यालय), सुधीर कुमार गुप्ता (मुख्य महाप्रबंधक, एफजीएमओ, लखनऊ), पंकज कुमार सिंह (उप महाप्रबंधक एवं अंचल प्रबंधक, लखनऊ), बीना कुमारी एमपी (प्राचार्य, स्टाफ कॉलेज, लखनऊ) और राजेश कुमार सिंह (सहायक महाप्रबंधक, राजभाषा, कॉर्पोरेट कार्यालय, चेन्नै) सहित अन्य बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंडियन बैंक के कार्यपालक निदेशक ब्रजेश कुमार सिंह ने की।

### वक्ताओं ने भाषा, संस्कृति और तकनीक पर रखे विचार

मुख्य अतिथि मालिनी अवस्थी ने कहा कि भाषा संस्कृति की वाहिका होती है और हिंदी विभिन्न संस्कृतियों को जोड़ने में सक्षम है। डॉ. विद्या बिंदु सिंह ने राजभाषा के प्रयोग में व्यवहारिकता पर जोर दिया और हिंदी को व्यापार व विज्ञापन की प्रभावी भाषा बताया। डॉ. छबिल कुमार मेहेर ने भाषा को एकता का माध्यम बताते हुए लोगों को अपनी संस्कृति से जुड़ने का संदेश दिया। वहीं ब्रजेश कुमार सिंह ने कहा कि स्वभाषा के साथ देश की अन्य भाषाओं का भी महत्व है और बैंक राजभाषा नीति के पालन के लिए प्रतिबद्ध है। वी. एन. माया ने हिंदी को साझा पहचान बताते हुए ग्राहकों से जुड़ाव में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला, जबकि सुधीर कुमार गुप्ता ने आईटी के माध्यम से हिंदी के बढ़ते उपयोग और कार्यक्षमता पर जोर दिया।

### चार सत्रों में सम्पन्न सम्मेलन, पुरस्कार भी वितरित

सम्मेलन चार सत्रों में सम्पन्न हुआ। पहले सत्र में अतिथियों के संबोधन और पुरस्कार वितरण हुआ। दूसरे सत्र में डॉ. छबिल कुमार मेहेर ने राजभाषा कार्यान्वयन के विभिन्न पहलुओं और सावधानियों पर चर्चा की। तीसरे सत्र में प्रतिभागियों ने 'प्रौद्योगिकी–संचालित परिवर्तन' विषय पर पीपीटी प्रस्तुति दी। अंतिम सत्र में राजेंद्र वर्मा (उप निदेशक, सेवानिवृत्त, भारत सरकार) ने डिजिटल टूल्स की उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी। सम्मेलन का सफल संचालन और समन्वय राजेश कुमार सिंह द्वारा किया गया।

संजू की विदाई और जडेजा की एंट्री

# 17 साल बाद ट्रॉफी की तलाश में राजस्थान रॉयल्स

- 02 बार टीम फाइनल में पहुंची, 2008 में चैंपियन बनी
- 05 बार टीम प्लेऑफ में पहुंची, 2022 में गुजरात से हार उपविजेता रही
- 09 वें स्थान पर रही थी टीम पिछले सत्र में



एजेंसी । नई दिल्ली

साल 2008 में पहला आईपीएल खिताब जीतने वाली राजस्थान रॉयल्स के लिए वह दिन आज भी ऐतिहासिक है। लेकिन इसके बाद से टीम दोबारा ट्रॉफी जीतने में नाकाम रही है। अब 17 साल बाद एक बार फिर फैंस के मन में उम्मीद जगी है कि क्या इस सीजन में टीम दूसरी बार चैंपियन बन पाएगी।

### बड़ा बदलाव: संजू सैमसन की विदाई, जडेजा की एंट्री

इस बार टीम में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। टी-20 विश्व कप के हीरो और लंबे समय तक कप्तानी संभालने वाले संजू सैमसन को चेन्नई सुपर किंग्स के साथ ट्रेड कर दिया गया है। उनकी जगह अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को टीम में शामिल किया गया है। ऐसे में टीम के संतुलन और प्रदर्शन पर इसका असर पड़ना तय माना जा रहा है। टीम की कमान अब युवा खिलाड़ी रियान पराग के हाथों में है। उन्होंने पिछले सीजन की गलतियों से सीख लेने की बात कही है।

### युवा और अनुभवी बल्लेबाजों पर भरोसा

बल्लेबाजी में युवा खिलाड़ी वैभव ने पिछले सीजन में शानदार प्रदर्शन किया था और इस बार भी उनसे बड़ी उम्मीदें हैं। वहीं यशस्वी जायसवाल की आक्रामक बल्लेबाजी टीम की ताकत बनी रहेगी। इसके अलावा शिमरोन हेटमायर भी अपने तूफानी अंदाज से टीम को मजबूती देंगे, जो जल्द ही आईपीएल में 1500 रन पूरे करने के करीब हैं।

### जडेजा की वापसी और टीम के एक्स फैक्टर खिलाड़ी

रवींद्र जडेजा की 17 साल बाद टीम में वापसी खास मानी जा रही है। उन्होंने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत भी राजस्थान के साथ ही की थी। उनके आने से गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों में मजबूती मिलेगी।

### सर्वाधिक रन

यशस्वी जायसवाल 67 मैच 2166 रन बनाए, 152.85 स्ट्राइक रेट, 124 उच्चतम, दो शतक, 15 अर्धशतक

### सर्वाधिक विकेट

रवींद्र जडेजा 254 मैच, 170 विकेट, इकोनॉमी 7.67, सर्वश्रेष्ठ 5/16, औसत 30.523260 रन, 130 स्ट्राइक रेट,

### संजू की जगह कोई नहीं ले सकता : रियान पराग

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने गुरुवार को कहा कि जिस तरह रोहित शर्मा या विराट कोहली की जगह नहीं भरी जा सकती है, उसी तरह से उनकी टीम में संजू सैमसन की कमी को पूरा नहीं किया जा सकता है। पराग ने यहां सत्र पूर्व संवाददाता सम्मेलन में कहा, संजू भैया जैसे खिलाड़ी के स्थान पर किसी अन्य खिलाड़ी को रखने के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता। हम उनके जैसे कौशल वाले किसी खिलाड़ी की तलाश कर सकते हैं या उनकी जगह किसी अन्य को बल्लेबाजी करने के लिए कह सकते हैं।पराग ने कहा, किसी एक खिलाड़ी के दम पर हम मैच नहीं जीत सकते।

# मेसी 900 गोल दागने वाले दुनिया के दूसरे फुटबॉलर

एजेंसी । फोर्ट लॉडरडेल



अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी 900 गोल करने वाले दुनिया के दूसरे फुटबॉलर बन गए। उन्होंने बुधवार देर रात को अमेरिका के फोर्ट लॉडरडेल इंटर मियामी की ओर से खेलते हुए नैशविले के खिलाफ कॉनकाफ चैंपियंस कप राउंड ऑफ-16 मैच के सातवें मिनट में ही गोल करके यह उपलब्धि हासिल की। नैशविले ने हालांकि इंटर मियामी को 1-1 से ड्रॉ पर रोककर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। उसे प्रतिद्वंद्वी के घरेलू मैदान पर गोल करने का फायदा मिला।

### रोनाल्डो के क्लब में

इसके साथ ही मेसी अपने चिर प्रतिद्वंद्वी क्रिस्टियानो रोनाल्डो के क्लब में शामिल हो गए। रोनाल्डो ने यह उपलब्धि हासिल करने में मेसी से लगभग 100 मैच अधिक खेले। रोनाल्डो ने सितंबर 2024 में 1236वें मैच में करियर के 900 गोल पूरे किए थे। उस समय उनकी उम्र 39 वर्ष थी, जबकि मेसी जून में 39 वर्ष के होंगे।

### 17 साल में किया था पहला गोल

मेसी ने अपने सीनियर करियर का पहला गोल 17 साल और 10 महीने और सात दिन की उम्र में बार्सिलोना की ओर से खेलते हुए दागा था। तब वह अपनी टीम के सबसे युवा स्कोरर बने थे। उसके बाद से उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। अब 900वां गोल 38 साल की उम्र में किया। कुछ लोगों का मानना है कि ब्राजील के दिग्गज पेले ने करियर में 1,000 गोल का आंकड़ा पार कर लिया था।

### किसी टीम के लिए कितने गोल

| टीम | गोल |
|---|---|
| अर्जेंटीना | 115 |
| बार्सिलोना | 672 |
| इंटर मियामी | 81 |
| पीएसजी | 32 |

### नंबर गेम

| | |
|---|---|
| 755 | गोल बाएं और 111 दाएं पैर से किए |
| 30 | सिर और चार अन्य साइड से किए |
| 724 | गोल बॉक्स के अंदर और 176 बॉक्स के बाहर से |
| 3 | टीमों ( सेविला 25, एथलेटिक क्लब |

### मेसी ने कैसे किए अपने गोल

मेसी के गोल करने का अंदाज भी उतना ही खास रहा है। उन्होंने 112 गोल पेनाल्टी के जरिए किए, जबकि 70 बार फ्री किक से सीधे गोल दागे।

## न्यूज ब्रीफ

### चैंपियंस लीग में गोलों की बरसात

**लंदन।** चैंपियंस लीग में एक बार फिर गोल की बरसात हुई। बार्सिलोना ने सात गोल जबकि लिवरपूल ने चार गोल करके बुधवार को चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में बड़ी जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। एटलेटिको मैड्रिड ने टॉटेनहम के पलटवार का सामना करते दूसरे चरण में 2-3 से हार के बावजूद 7-5 से जीत दर्ज करके अंतिम आठ में जगह पक्की की। बायर्न म्यूनिख के लिए क्वार्टर फाइनल में पहुंचना सबसे आसान रहा। उसने अटलांटा को 4-1 से और कुल मिलाकर 10-2 से हराकर रियाल मैड्रिड के खिलाफ रोमांचक क्वार्टर फाइनल की नींव रखी। बार्सिलोना ने रोमांचक मुकाबले में न्यूकैसल को दूसरे हाफ में बुरी तरह से हरा दिया और 7-2 से जीत हासिल की।

### युगल विश्व कप टेबल टेनिस अगले साल से

**बीजिंग।** अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) 2027 से आईटीटीएफ युगल विश्व कप शुरू करेगा। इस टूर्नामेंट में पुरुषों, महिलाओं और मिश्रित युगल स्पर्धाओं का एक साथ आयोजन किया जाएगा। महासंघ ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इस घोषणा से माना जा रहा है कि लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक टेबल टेनिस के युगल मुकाबले खेले जाएंगे। उनका यह कदम ओलंपिक की तैयारियों को मजबूत करने और युगल स्पर्धाओं को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया है। पुरुषों और महिलाओं का विश्व कप 2024 में वापस आया जबकि मिश्रित **टीम विश्व कप 2023 में शुरू किया गया था।**

# ब्रेक के बाद नई शुरुआत के लिए तैयार जोस बटलर

- विश्व कप की निराशा के बाद लिया ब्रेक

एजेंसी । लंदन

इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जोस बटलर ने टी-20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन के बाद कुछ समय के लिए क्रिकेट से दूरी बना ली। उन्होंने स्वीकार किया कि टूर्नामेंट में वह अपनी उम्मीदों के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके और उन्हें मानसिक रूप से खुद को रीसेट करने की जरूरत थी। बटलर अब आईपीएल में गुजरात टाइटंस के लिए नई शुरुआत करने के लिए तैयार हैं।

### विश्व कप में रहा निराशाजनक प्रदर्शन

टी-20 विश्व कप के दौरान बटलर का प्रदर्शन बेहद साधारण रहा। उन्होंने आठ मैचों में सिर्फ 87 रन बनाए, जिसमें उनका औसत महज 10.87 रहा। हालांकि टीम प्रबंधन ने उन पर भरोसा बनाए रखा। बटलर ने कहा कि ब्रेक के दौरान उन्होंने खेल के बारे में बिल्कुल नहीं सोचा, जिससे उन्हें मानसिक शांति मिली। अब वह धीरे-धीरे अपने खेल पर विचार कर रहे हैं और यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि कहां सुधार की जरूरत है।



### 31 मार्च से गुजरात का अभियान शुरू

आईपीएल में गुजरात टाइटंस 31 मार्च को पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। बटलर के लिए यह टूर्नामेंट खुद को साबित करने और फॉर्म में लौटने का बड़ा मौका होगा।

# नए टी-20 कप्तान के साथ भारत से खेलेगा आयरलैंड

एजेंसी । डबलिन

आयरलैंड जून में भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज में नए कप्तान के साथ उतरेगा। पॉल स्टर्लिंग ने गुरुवार को टी-20 क्रिकेट टीम का कप्तान पद छोड़ दिया। हालांकि वह वनडे में टीम की कमान संभालते रहेंगे। स्टर्लिंग ने हाल ही में हुए टी-20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद यह फैसला किया। आयरलैंड की टीम ग्रुप चरण में ही बाहर हो गई थी।

# दिल्ली के लिए फिनिशर की भूमिका निभाना चाहते हैं आशुतोष

एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली कैपिटल्स के विस्फोटक बल्लेबाज आशुतोष शर्मा आईपीएल 2026 के लिए पूरी तरह तैयार हैं। पिछले सीजन के शानदार प्रदर्शन के बाद, इस बार उनका पूरा फोकस टीम के लिए एक 'परफेक्ट फिनिशर' की भूमिका निभाने पर है। अक्षर पटेल की कप्तानी वाली इस टीम में आशुतोष का आत्मविश्वास और निडर अंदाज दिल्ली के प्रशंसकों के लिए बड़ी उम्मीद लेकर आया है। 27 वर्षीय



आशुतोष शर्मा का कहना है कि आईपीएल जैसे बड़े मंच पर उन्हें कोई दबाव महसूस नहीं होता। उन्हें अपनी मेहनत और काबिलियत पर पूरा भरोसा है। उनका मानना है कि जब आप मैदान पर अपनी मेहनत का फल देने उतरते हैं, तो डर की कोई जगह नहीं बचती।

### पुराने खेल में ही नया निखार

अक्सर खिलाड़ी नए सीजन के लिए नए शॉट्स सीखते हैं, लेकिन आशुतोष का तरीका अलग है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस सत्र के लिए उन्होंने कोई नया शॉट नहीं सीखा है, बल्कि वह अपने मौजूदा शॉट्स को और सटीक बनाने पर काम कर रहे हैं। उनका लक्ष्य है कि जो खेल वो जानते हैं, उसी में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बनें।

### 3-4 प्री-सीजन कैंप का फायदा

दिल्ली कैपिटल्स ने इस सीजन के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। आशुतोष ने बताया कि टीम ने सत्र शुरू होने से पहले ही 3 से 4 अभ्यास शिविरों में हिस्सा लिया है। इससे खिलाड़ियों के बीच आपसी तालमेल बेहतर हुआ है और सभी अपनी भूमिकाओं को अच्छी तरह समझ चुके हैं। 2024 में पंजाब किंग्स के लिए खेलते हुए आशुतोष पहली बार सुर्खियों में आए थे।

## बॉ ली वु ड

# दिव्यांका त्रिपाठी जल्द बनेंगी मां

टीवी की लोकप्रिय अभिनेत्री दिव्यांका त्रिपाठी ने आखिरकार अपनी प्रेग्नेंसी की खबर की पुष्टि कर दी है। उन्होंने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में बताया कि वह अपने पति विवेक दहिया के साथ अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रही हैं। साल 2016 में भोपाल में शादी के बंधन में बंधे इस कपल के लिए यह पल बेहद खास है, और लगभग 10 साल बाद माता-पिता बनने को लेकर दोनों काफी उत्साहित हैं। अभिनेत्री ने यह भी खुलासा किया कि उन्होंने इस खुशखबरी को करीब छह महीने तक निजी रखा। दिव्यांका ने बातचीत में बताया कि वह जून के मध्य में अपने पहले बच्चे का स्वागत करेंगी। उन्होंने कहा कि यह उनके जीवन का बेहद खास और भावुक समय है। ₹विवेक और मैं अब बच्चा चाहते थे, हमने कोशिश की और यह हो गया। हम खुद को धन्य मानते हैं और दोनों परिवार भी इस खबर से बेहद खुश हैं,₹ उन्होंने कहा। अभिनेत्री ने यह भी बताया कि उन्होंने इस दौरान सार्वजनिक जीवन से दूरी बनाए रखी, जिससे इस खबर को छिपाने में उन्हें मदद मिली। अभिनेत्री ने आगे बताया कि बच्चे के स्वागत को लेकर तैयारियां जल्द शुरू की जाएंगी। फिलहाल परिवार ने बच्चे के नाम को लेकर कोई फैसला नहीं किया है, लेकिन इसे लेकर उत्सुकता बनी हुई है। दिव्यांका ने शेयर किया कि इस खुशखबरी के बारे में सबसे पहले उन्होंने अपने पति विवेक को बताया था। वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह कपल जल्द ही अपने करीबी लोगों के बीच एक छोटी सी बेबी शॉवर पार्टी आयोजित करने की भी योजना बना रहा है।



# 'धुरंधर 2' की बॉक्स ऑफिस पर दहाड़, प्रिव्यू से बना नया रिकॉर्ड



बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर 2: द रिवेंज' ने रिलीज से पहले ही बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार शुरुआत कर दी है। 19 मार्च को दुनियाभर में रिलीज हुई इस फिल्म को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। सिनेमाघरों के बाहर लंबी कतारें और एडवांस बुकिंग के आंकड़े यह साफ संकेत दे रहे हैं कि फिल्म बड़े रिकॉर्ड बनाने की ओर बढ़ रही है। रिलीज से एक दिन पहले 18 मार्च को आयोजित पेड प्रिव्यू शोज में ही 'धुरंधर 2' ने शानदार कमाई करते हुए नया इतिहास रच दिया। ट्रेड रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म ने भारत में प्रिव्यू शोज से करीब 44 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया है। इस आंकड़े के साथ सीक्वल ने दिसंबर 2025 में आई पहली फिल्म 'धुरंधर' के 28 करोड़ रुपये के ओपनिंग डे कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया है। वहीं, ग्रॉस कलेक्शन लगभग 52.71 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, हालांकि अंतिम आंकड़ों में थोड़ा बदलाव संभव है। पेड प्रिव्यू और विभिन्न वर्जन को मिलाकर फिल्म की कुल कमाई 50 करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है, जिसके चलते 'धुरंधर 2' ने भारत में अब तक की सबसे बड़ी प्रीमियर ओपनिंग का खिताब अपने नाम कर लिया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड श्रद्धा कपूर की फिल्म 'स्त्री 2' के नाम था, जिसने प्रिव्यू में 10 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की थी।

इसके अलावा, 'धुरंधर 2' ने उत्तरी अमेरिका में भी 13.06 करोड़ रुपये का अनुमानित कारोबार कर अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी मजबूत शुरुआत दर्ज कराई है।

क्राइम, ड्रामा और सस्पेंस का तड़का

# ओटीटी पर आ रही 3 दमदार सीरीज

भारत में लोगों के मनोरंजन के सबसे पसंदीदा डेस्टिनेशन प्राइम वीडियो ने गुरुवार को अपने 'प्राइम वीडियो प्रेजेंट्स' कार्यक्रम में अब तक की सबसे बड़ी नई ओरिजिनल सीरीज और फिल्मों की घोषणा की। इसमें लगभग 55 नई सीरीज और फिल्में शामिल हैं। इसमें भारतीय ओरिजिनल कंटेंट की बड़ी लिस्ट के साथ-साथ एमेजॉन एमजीएम स्टूडियोज इंडिया की थिएटर में रिलीज होने वाली फिल्मों और कई बड़ी लाइसेंस्ड फिल्मों की भी घोषणा की गई। इस स्लेट में हिंदी, तमिल और तेलुगू भाषाओं में कई जबरदस्त ओरिजिनल सीरीज और फिल्में शामिल हैं। इनमें स्क्रिप्टेड और अनस्क्रिप्टेड, दोनों तरह की कहानियों के अलग-अलग जॉनर देखने को मिलेंगे। इसमें कई नई और फेमस टाइटल्स शामिल हैं। इनमें 'फर्जी सीजन 2', 'पंचायत' सीजन 5, 'कॉल मी बे' सीजन 2, 'दुपहिया' सीजन 2, 'दहाड़' सीजन 2 और ' द ट्रेटर्स' सीजन 2 जैसी कई सीरीज भी शामिल हैं। यहां हम आपको तीन के फर्स्ट लुक को दिखाते हैं। इस सीरीज की कहानी में चार दोस्त कर्ज से बचने के लिए कारें चुराते हैं, लेकिन एक चोरी एक बड़े ऑपरेशन में बदल जाती है। अब सूदखोरों, गिरोहों और पुलिस द्वारा पीछा किए जाने पर, वफादारी ही उनकी एकमात्र उम्मीद है। इसका फर्स्ट लुक भी काफी दमदार है। ये भी एक वेब सीरीज है, जिसकी कहानी में एक एक्स एजेंट है, जिसे मुखबिर माना जाता था और सात साल से मृत समझा जा रहा था। उसे उस गद्दार को ढूंढने के लिए वापस लौटना होगा जिसने उसे फंसाया था, जबकि उसकी अपनी एजेंसी उसे खत्म करने की कोशिश कर रही है। सीरीज की कास्ट में बॉबी देओल, सिद्धांत गुप्ता, फातिमा सना शेख, पावेल गुलाटी, रोनित रॉय, ईशा तलवार, चांदनी बेन्ज और फैसल मलिक हैं। इस सीरीज की कहानी में राजस्व सेवा में नव नियुक्त एक अधिकारी आगरा के सबसे पावरफुल सफेदपोश अपराधी से भिड़ता है, लेकिन उसे जल्द ही पता चलता है कि जीतने पर टैक्स लगता है।



# फिल्म 'कैरी ऑन जट्टा 4' का टीजर रिलीज

पंजाबी सिनेमा के सुपरस्टार गिप्पी ग्रेवाल एक बार फिर अपनी हिट फ्रैंचाइजी 'कैरी ऑन जट्टा' की चौथी किस्त के साथ दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार हैं। 19 मार्च, 2026 को फिल्म 'कैरी ऑन जट्टा 4' का टीजर जारी कर दिया गया, जिसने रिलीज के साथ ही फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया है। टीजर के साथ फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान किया गया है, जिसके अनुसार यह फिल्म 26 जून, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म का निर्देशन स्मीप कांग ने किया है, जबकि निर्माण की जिम्मेदारी गिप्पी ग्रेवाल और रवनीत कौर ग्रेवाल ने संभाली है। हंबल मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनी इस फिल्म को प्रस्तुत किया जा रहा है। टीजर में वही पुरानी कॉमिक टाइमिंग, मजेदार कन्फ्यूजन और जबरदस्त एंटरटेनमेंट नजर आ रहा है, जिसने इस फ्रैंचाइजी को दर्शकों का चहेता बनाया है। टीजर की सबसे भावुक झलक दिवंगत दिग्गज कॉमेडियन जसविंदर भल्ला को दी गई श्रद्धांजलि है, जिसने फैंस को भावुक कर दिया। फिल्म में सरगुन मेहता, बिन्नू ढिल्लों, गुरप्रीत गुग्गी और करमजीत अनमोल जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।





## वॉर ब्रीफ

### ईरान में जासूसी के आरोप में 97 लोग गिरफ्तार

**तेहरान।** ईरान ने देश विरोधी गतिविधियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 97 लोगों को गिरफ्तार किया है। ईरान के इंटेलिजेंस मंत्रालय के मुताबिक, गिरफ्तार लोगों पर अमेरिका और इजराइल के लिए काम करने का आरोप है। इनमें 13 कथित जासूस भी शामिल हैं, जिन्हें दक्षिण-पूर्वी ईरान से पकड़ा गया। मंत्रालय ने दावा किया कि ये लोग देश में अशांति फैलाने और हिंसक घटनाओं को अंजाम देने की साजिश में शामिल थे। इसके अलावा, दक्षिण-पश्चिमी ईरान में इराक सीमा के पास पांच "हथियारबंद नेटवर्क" को भी खत्म करने का दावा किया गया है। इससे पहले अलबोर्ज प्रांत में भी 41 लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जिन पर युद्ध से जुड़े वीडियो विदेशी नेटवर्क को भेजने का आरोप था।

### पीएम मोदी ने 24 घंटे में 4 राष्ट्राध्यक्षों से बातचीत की

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने गुरुवार को मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम से बात की। इसकी जानकारी उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर दी है। दोनों नेताओं ने मिडिल ईस्ट की गंभीर स्थिति पर भी चर्चा की और तनाव कम करने के साथ बातचीत और कूटनीति के जरिए जल्द शांति बहाल करने पर सहमति जताई। पीएम मोदी पिछले 24 घंटे में 4 राष्ट्राध्यक्षों से बातचीत कर चुके हैं। वे इससे पहले ओमान, कुवैत और फ्रांस के नेताओं से बातचीत कर चुके हैं।

### पोतों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त युद्धपोत भेज रहा भारत

**नई दिल्ली।** भारत ओमान की खाड़ी और अरब सागर में अतिरिक्त युद्धपोत भेज रहा है ताकि ईंधन लदे पोतों का सुरक्षित रास्ता सुनिश्चित किया जा सके। मामले से परिचित लोगों के अनुसार, भारत को उम्मीद है कि ईरान अपने और अधिक ईंधन टैंकरों को होर्मुज जलडमरूमध्य से बाहर निकलने की अनुमति दे सकता है।आधा दर्जन से अधिक युद्धपोत तैनातनाम न छापने की शर्त पर सूत्रों ने बताया कि भारतीय नौसेना एहतियात के तौर पर रसद पोतों सहित आधा दर्जन से अधिक युद्धपोत इस क्षेत्र में तैनात कर रही है।

### इजराइल में ईरानी मिसाइल हमले में 4 लोगों की मौत

तेल अवीव। ईरान के मिसाइल हमलों में इजराइल में चार लोगों की मौत हो गई, जिनमें तीन फिलिस्तीनी महिलाएं और एक विदेशी नागरिक शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, बुधवार की रात ईरानी मिसाइल का मलबा महिलाओं के एक ब्यूटी पार्लर पर गिरा, जिससे यह हादसा हुआ। इसके अलावा सेंट्रल इजराइल में एक थाई नागरिक की मौत हो गई। तेल अवीव के उत्तर में शेरोन इलाके में ईरानी मिसाइल गिरने से उसकी मौत हुई। थाईलैंड के विदेश मंत्रालय के अनुसार, वह 20 साल का खेतों में काम करने वाला एक मजदूर था।

### चीन ने अली लारीजानी की हत्या पर विरोध जताया

शंघाई। चीन ने ईरान के सिक्योरिटी चीफ अली लारीजानी की हत्या का विरोध जताया है। चीन ने कहा कि किसी भी देश के बड़े नेताओं की हत्या करना और आम लोगों को निशाना बनाना सही नहीं है। चीन के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि ऐसे काम दुनिया में तनाव और बढ़ाते हैं।

# ईरान के हमलों से धुआं-धुआं खाड़ी देश



- बदले की आग में धधक रहीं सऊदी-कुवैत-कतर की रिफाइनरियां

**दुबई/तेहरान/अबु धाबी।** मिडिल ईस्ट की जंग अब सिर्फ मिसाइलों और ड्रोनों की नहीं, बल्कि दुनिया की सबसे बड़ी गैस फील्ड की भी बन गई है। 18 मार्च को इजरायल ने ईरान के साउथ पार्स गैस फील्ड पर हमला कर दिया। यहां दुनिया का सबसे बड़ा प्राकृतिक गैस भंडार है जो ईरान और कतर दोनों के बीच बंटा हुआ है। इस एक हमले ने पूरे युद्ध का चेहरा बदल दिया। दरअसल 28 फरवरी से शुरू हुए इस भीषण संघर्ष में अब तक सैन्य और सामरिक ठिकानों को निशाना बनाया जा रहा था, लेकिन अब यह युद्ध सीधे तौर पर वैश्विक ऊर्जा की जीवनरेखा यानी 'गैस और तेल इंफ्रास्ट्रक्चर' तक पहुंच गया है। 'साउथ पार्स गैस फील्ड' पर इजरायल के हमले के बाद, ईरान ने 'हम तो डूबे हैं सनम, तुम्हें भी ले डूबेंगे' की तर्ज पर अपने पड़ोसी देशों- खासकर कतर और यूएई के गैस संयंत्रों पर मिसाइलें दाग दी हैं। बड़ी बात ये है कि ईरान ने खाड़ी देशों पर ये हमले तब किए हैं, जब कुछ घंटे पहले ही उसे अमेरिका ने चेतावनी दी थी कि 'तुम्हें नरक दिखा देंगे।' दरअसल, ईरान साउथ पार्स स्थित दुनिया के सबसे बड़े अपने गैस क्षेत्र पर इजरायली हमले और पिछले 18 दिनों में चार दर्जन से ज्यादा बड़े नेताओं की हत्या किए जाने से बौखलाया हुआ है। साउथ पार्स ईरान की लगभग 70 प्रतिशत घरेलू गैस की आपूर्ति करता है। इसक एक हिस्सा, कतर के साथ साझा करता था लेकिन इजरायली हमले में इसे धुआं-धुआं कर दिया गया। इस हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा था कि यह हमला इजरायल ने किया था और चेतावनी दी थी कि अगर ईरान ने और उकसाने वाली कार्रवाई की, तो US इस पूरे गैस क्षेत्र को ₹पूरी तरह से तबाह₹ कर देगा।

### डरने के बजाय और आक्रामक हो गया ईरान

लेकिन ईरान अमेरिकी चेतावनी से डरने के बजाय और आक्रामक हो गया है। उसने कुवैत की मीना अब्दुल्लाह रिफाइनरी पर हमला किया है। इसके बाद इस प्लांट में आग लग गई है। ईरान का दूसरा टारगेट सऊदी अरब की सबसे बड़ी तेल कंपनी सऊदी अरामको का SAM-REF रिफाइनरी रही है। यह मध्य पूर्व की सबसे बड़ी रिफाइनरियों में से एक है, जिसकी क्षमता लगभग 730,000 बैरल प्रति दिन है। ईरान के मिसाइल हमलों से कतर के रास लफ्फान इंडस्ट्रियल सिटी में स्थित दुनिया के सबसे बड़े LNG (लिक्विफाइड नेचुरल गैस) केंद्र को भारी नुकसान पहुंचा है। कतर दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा LNG निर्यातक है, ऐसे में इस हमले का असर वैश्विक ऊर्जा बाजार पर पड़ सकता है।

### UAE की रुवैस रिफाइनरी पर भी हमले

संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी स्थित रुवैस रिफाइनरी पर भी ईरान ने ड्रोन हमले किए हैं। इसके बाद रुवैस रिफाइनरी ने एहतियात के तौर पर अपना कामकाज रोक दिया है। इसे संचालित करने वाली कंपनी ADNOC ने सीधे तौर पर किसी नुकसान की पुष्टि नहीं की है। वहीं सऊदी अरब के रास तनुरा रिफाइनरी पर भी ड्रोन हमले हुए, जिससे वहां आग लग गई और उसे आंशिक रूप से बंद करना पड़ा। रिपोर्टों के अनुसार, अब वहां कामकाज फिर से शुरू हो गया है। इन ऊर्जा ठिकानों पर हमले के बाद ईरान ने कतर, UAE, सऊदी अरब, कुवैत, कतर पर हमले की चेतावनी दी है और इन एनर्जी सेंटर्स को खाली करने की चेतावनी दी है। इन हमलों में राहत की बात ये है कि इनमें कोई जनहानि नहीं हुई है लेकिन कई गैस इकाइयां धू-धू कर धधक उठीं।

### एक दर्जन अरब और इस्लामिक देशों की ईरान से हमले रोकने की अपील

12 अरब और इस्लामिक देशों ने ईरान से हमले रोकने की अपील की है। सऊदी की राजधानी रियाद में गुरुवार को हुई मीटिंग के बाद जारी संयुक्त बयान में ईरान से हमले तुरंत रोकने और अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान करने को कहा। संयुक्त बयान अजरबैजान, बहरीन, मिस्र, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, पाकिस्तान, कतर, सऊदी अरब, सीरिया, तुर्किए और संयुक्त अरब अमीरात के मंत्रियों की ओर से जारी किया गया।

### बिलबिला उठे ट्रंप

ईरान द्वारा कतर के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाए जाने के बाद, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर एक बेहद सख्त बयान जारी किया। ट्रंप ने कहा कि इजरायली हमले में अमेरिका और कतर की कोई भूमिका नहीं थी। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि इजरायल ने यह हमला गुस्से में और अपने दम पर किया है। अमेरिका को इस विशिष्ट हमले की कोई पूर्व जानकारी नहीं थी और कतर पूरी तरह से निर्दोष है। ट्रंप ने कहा कि इजरायल अब साउथ पार्स फील्ड पर कोई और हमला नहीं करेगा, बशर्ते ईरान कतर पर हमले बंद कर दे।

### फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने कतर से की बात, गैस प्लांट हमले पर जताई चिंता

ईरान के पार्स गैस फील्ड को निशाना बनाने और जवाब में ईरान कतर पर हमले के बाद फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कतर से बात की। गैस प्लांट पर हमले पर चिंता जताते हुए मैक्रों ने ऐसा न करने की अपील भी की। हालांकि ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने मैक्रों के रवैये को 'दुखद' करार दिया।अराघची ने लिखा, मैक्रों ने ईरान पर इजरायल-यूएस के हमले की निंदा में एक शब्द भी नहीं कहा। उन्होंने इजरायल की तब भी निंदा नहीं की थी, जब उसने तेहरान में ईंधन के गोदाम को उड़ा दिया था!

# ईरान में जमीनी सेना भेजने पर विचार कर रहे ट्रंप



- 2200 मरीन सैनिक खाड़ी की ओर रवाना

एजेंसी । वाशिंगटन

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और खाड़ी क्षेत्र में संभावित जमीनी सैन्य कार्रवाई की खबरों ने पूरी दुनिया की चिंता बढ़ा दी है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के महत्वपूर्ण तेल ठिकानों और यूरेनियम भंडार को नियंत्रित करने के लिए 'ग्राउंड ट्रूप्स' (जमीनी सेना) भेजने के विकल्पों पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। अमेरिकी अधिकारी विशेष रूप से खार्ग द्वीप पर नियंत्रण पाने पर चर्चा कर रहे हैं, जहाँ से ईरान का 90% कच्चा तेल निर्यात होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस द्वीप को बमबारी से नष्ट करने के बजाय उस पर कब्जा करना बेहतर होगा, ताकि वैश्विक तेल बाजार को नियंत्रित किया जा सके। हालांकि, इसे 'हाई-रिस्क' ऑपरेशन माना जा रहा है क्योंकि ईरान के पास वहां मिसाइलों और ड्रोन्स का मजबूत जाल है।

### संवर्धित यूरेनियम को जब्त करने की योजना

ट्रंप प्रशासन ईरान के परमाणु कार्यक्रम को जड़ से खत्म करने के लिए उसके यूरेनियम भंडार को जब्त करने हेतु विशेष सैन्य बलों (Special Forces) को तैनात करने पर भी विचार कर रहा है। सैन्य विशेषज्ञों के अनुसार, यह मिशन अत्यधिक जटिल और खतरनाक हो सकता है, जिससे सीधे युद्ध छिड़ने का खतरा है। लगभग 2200 मरीन सैनिकों को लेकर हमलावर जहाज यूएसएस त्रिपोली मलक्का जलडमरूमध्य से गुजरते हुए देखा गया है। अनुमान है कि यह सैन्य समूह अगले 10 से 15 दिनों में होर्मुज जलडमरूमध्य के पास पहुँच जाएगा। यह तैनाती संकेत दे रही है कि अमेरिका केवल हवाई हमलों तक सीमित नहीं रहना चाहता। जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या यह एक और 'वियतनाम युद्ध' जैसा दलदल साबित हो सकता है, तो उन्होंने बेबाकी से कहा कि वे किसी भी चीज से नहीं डरते।

# संसद के उच्च सदन में दागी और धनवानों का बोलबाला

- राज्यसभा के 73 सांसदों पर आपराधिक केस
- 14% अरबपति, दो के पास 5000 करोड़ से ज्यादा संपत्ति

### एडीआर रिपोर्ट

एजेंसी । नई दिल्ली

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार राज्यसभा के लगभग 32 प्रतिशत सांसदों ने अपने हलफनामों में आपराधिक मामलों की जानकारी दी है, जबकि 14 प्रतिशत सांसद अरबपति हैं। यह रिपोर्ट राज्यसभा के 233 में से 229 सांसदों के शपथपत्रों के विश्लेषण पर आधारित है। झारखंड की एक सीट फिलहाल खाली है और तीन सांसदों के हलफनामे उपलब्ध नहीं थे। इस विश्लेषण में हाल ही में निर्वाचित 37 सदस्य भी शामिल हैं।



### संपत्ति का आंकड़ा

रिपोर्ट के अनुसार, 31 सांसद (14%) ऐसे हैं जिनकी कुल संपत्ति अरबों रुपये में है। प्रमुख दलों में भाजपा के छह, कांग्रेस के पांच, वाईएसआरसीपी के चार, आप के दो, बीआरएस के दो और एनसीपी के तीन सांसदों ने 100 करोड़ रुपये से अधिक संपत्ति घोषित की है। राज्यसभा सांसदों की औसत संपत्ति 120.69 करोड़ रुपये बताई गई है। पार्टीवार औसत संपत्ति में भाजपा के सांसदों की औसत संपत्ति 28.29 करोड़ रुपये, कांग्रेस की 128.61 करोड़ रुपये, टीएमसी की 17.70 करोड़ रुपये और आप की 574.09 करोड़ रुपये है।

### किस पार्टी में कितने सांसद दागी?

एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, 229 सांसदों में से 73 (32%) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। इनमें से 36 (16%) सांसदों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। एक सांसद ने हत्या का मामला घोषित किया है, चार सांसदों पर हत्या के प्रयास के मामले हैं, जबकि तीन सांसदों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध से जुड़े मामले दर्ज हैं। पार्टीवार आंकड़ों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 99 में से 27 सांसदों, कांग्रेस के 28 में से 12 सांसदों, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के 13 में से 4 सांसदों और आम आदमी पार्टी (आप) के 10 में से 4 सांसदों ने आपराधिक मामले घोषित किए हैं।

# ओडिशा अस्पताल अग्निकांड में 4 अफसर सस्पेंड




**कटक।** कटक के श्रीराम चंद्र भंज मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आग लगने की घटना के दो दिन बाद ओडिशा सरकार ने 4 अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। इनमें अग्निशमन सेवा के 3 और विद्युत विभाग का एक अफसर शामिल है। इस बीच, विपक्षी पार्टी बीजू जनता दल ने चार जूनियर अधिकारियों के निलंबन को सिर्फ दिखावा बताया। BJD के प्रवक्ता लेनिन मोहंती ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने इतने संवेदनशील मामले को लेकर बहुत ही लापरवाही भरा रवैया अपनाया है।

दरअसल, SCB मेडिकल कॉलेज में 14-15 मार्च की दरमियानी रात करीब 3 बजे आग लगी थी। हादसे में मरने वाले मरीजों की संख्या 12 हो गई है। इनमें से 7 ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, 5 की मौत इलाज के दौरान हुई। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया था।

# बंगाल में भाजपा की दूसरी लिस्ट जारी




पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी दूसरी उम्मीदवार सूची जारी कर दी है। इस सूची में कई बड़े और चौंकाने वाले नाम शामिल हैं। खास बात यह है कि सोनारपुर दक्षिण से रूपा गांगुली को टिकट दिया गया है। वहीं, नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के भाई दिब्येंदु अधिकारी को भी उम्मीदवार बनाया गया है। इससे चुनावी माहौल और गरमा गया है।

### 111 उम्मीदवारों के नाम घोषित

भाजपा ने दूसरी सूची में 111 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं। इससे पहले पार्टी 144 सीटों पर उम्मीदवार उतार चुकी थी। अब तक कुल 255 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा हो चुकी है, जबकि 39 सीटों पर अभी भी फैसला बाकी है। इन नामों को अंतिम रूप देने के लिए भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की कई बैठकें हुईं, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की।

### कौन-कौन से बड़े नाम मैदान में?

नई सूची में निसिथ प्रमाणिक को मथाभांगा, शंकर अधिकारी को चोपड़ा, कौस्तव बागची को बैरकपुर और अरूप चौधरी को कामरहाटी से टिकट मिला है। वहीं रेखा पात्रा को हिंगलगंज, रूपा गांगुली को सोनारपुर दक्षिण, प्रियंका टिबरेवाल को एंटली और तपस रॉय को मानिकतला से उम्मीदवार बनाया गया है।

### क्या हैं इस बार के बड़े सरप्राइज?

इस सूची में कुछ बड़े बदलाव भी देखने को मिले हैं। हिरण चटर्जी को खड़गपुर सदर से हटाकर श्यामपुर से उम्मीदवार बनाया गया है। पहले उनके टिकट को लेकर सस्पेंस बना हुआ था, लेकिन पार्टी ने उन्हें नई सीट से मौका देकर चौंका दिया है।

# एनडीए सहयोगी ट्वेंटी20 को झटका

**कोच्चि।** केरल की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठंबधन (एनडीए) की सहयोगी पार्टी 'ट्वेंटी20' को झटका लगा है। दरअसल, पार्टी ने गुरुवार को दो उम्मीदवारों के नामांकन वापस ले लिए, क्योंकि उनके नाम मतदाता सूची में नहीं थे। दोनों अभिनेत्रियां हैं। पार्टी ने एर्नाकुलम जिले के पेरुम्बावूर से लक्ष्मी प्रिया और कोट्टयम जिले के एट्टूमानूर से वीना नायर की उम्मीदवारी वापस ली। पार्टी सूत्रों के अनुसार, दोनों उम्मीदवारों के नाम मतदाता सूची में नहीं थे। हालांकि, उन्होंने पहले के चुनावों में वोट दिया था।

## वर्ल्ड हैप्पीनेस इंडेक्स — भारत की रैंकिंग इस बार 116 रही

# फिनलैंड लगातार नौवीं बार दुनिया का सबसे खुशनुमा देश

एजेंसी । न्यूयॉर्क

दुनिया में सबसे ज्यादा खुश कौनसा देश है? इसका जवाब देने के लिए 'वर्ल्ड हैप्पीनेस इंडेक्स' की नई रिपोर्ट सामने आ गई है। इसके मुताबिक फिनलैंड लगातार नौवीं बार दुनिया का सबसे खुशनुमा देश माना गया है। इसके अलावा अन्य नॉर्डिक देश जैसे कि आइसलैंड, डेनमार्क, स्वीडन और नॉर्वे भी इस सूची के टॉप 10 में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। पिछले तीन सालों से लगातार गाजा, लेबनान और ईरान में युद्ध लड़ रहा इजरायल भी इस सूची में आठवें नंबर पर रहा है। भारत की रैंकिंग इस बार 116 रही है, जो कि युद्ध प्रभावित और पिछले साल 12 दिन का युद्ध लड़ने वाले देश ईरान से भी पीछे है।



### युद्ध लड़ रहे इजरायल और ईरान भारत से आगे

इस रैंकिंग में पिछले तीन साल से लगातार युद्ध लड़ रहे इजरायल की रैंकिंग आठ है, वहीं पिछले साल 12 दिन युद्ध, अभी युद्ध से जूझ रहे और लगातार अपने देश के नेताओं को खोने वाले ईरान की रैंकिंग 97वें है। यह दोनों ही देश भारत से आगे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल को 10 में से 7.187 नंबर मिले हैं, तो वहीं ईरान को 5.151 नंबर मिले हैं। ईरान की जीवन प्रात्याशा दर 64 वर्ष है, वहीं इजरायल में यह बढ़कर 70.8 हो जाती है। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय लोगों की औसत जीवन प्रत्याशा दर 58.2 फीसदी है। भारत के पीछे होने की वजह उसका कई मामलों में कमजोर प्रदर्शन है। लोगों के बीच में असमानता के मामले में भारत 92वें स्थान पर है, सामाजिक समर्थन 123वें स्थान पर और प्रति व्यक्ति जीडीपी 89वें स्थान पर है। हालांकि, सकारात्मक पक्ष यह है कि भारत स्वतंत्रता (61वां स्थान) और भ्रष्टाचार की धारणा (64वां स्थान) में अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन करता है।

### तीन साल के औसत के आधार पर रैंकिंग

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी और वेलबीइंग रिसर्च सेंटर द्वारा पब्लिश की जाने वाली यह रिपोर्ट हर वर्ष अपने विषय के कारण चर्चा में रहती है। इस रैंकिंग पद्धति में शामिल सभी देशों के कुछ लोगों से इनकी टीम सवाल पूछती है और फिर उन लोगों के जीवन मूल्यांकन के तीन साल के औसत के आधार पर रैंकिंग दी जाती है। इसमें लोग अपने देश में बिताए जा रहे जीवन को 0 से 10 के बीच में नंबर देते हैं।

### पाकिस्तान भी भारत से आगे

इस वैश्विक रिपोर्ट में पड़ोसी देश पाकिस्तान भी भारत से आगे बताया गया है। 4.868 के औसत स्कोर के साथ पाकिस्तान 104वें स्थान पर है, तो बांग्लादेश 127, अफगानिस्तान 147वें और श्रीलंका, नेपाल क्रमश: 99वें और 134वें स्थान पर हैं। वैश्विक स्तर पर जारी की जाने वाली कई रिपोर्ट की भारत में लोगों द्वारा और सरकार द्वारा आलोचना भी की जाती है।